अध्यक्ष महोदय : यह कैसे हो सकता है ? अगर आवश्यकता होगी, तो दूसरा प्रस्ताव बाद में लिया जा सकता है ।

May I request those Members who are in favour of leave being granted to this motion, to rise in their places?—Since it is more than 50, leave is granted.

Shri P. K. Deo: What is the fate of the Adjournment Motion?

Mr. Speaker: May I request the Prime Minister to indicate the time when it could be taken up?

Shrimati Indira Gandhi: We can start immediately, as far as we are concerned, and it may be concluded today.

Mr. Speaker: The Prime Minister, the Treasury Benches, they are prepared to take up this motion immediately, now, after the papers are laid on the Table. If the Mover also is agreeable, it can be taken up immediately after the papers are laid on the Table.

श्री रामसेवक यादव : अध्यक्ष महोदय, अभी प्रधान मन्त्री ने कहा है कि वह अविश्वास प्रस्ताव के लिए तैयार हैं । लेकिन अभी कार्य-स्थगन प्रस्ताव के बारे में जो बात चल रही थी, उसके सम्बन्ध में आपने कोई निर्णय नहीं दिया है । मेरा अनुरोध है कि कार्य-स्थगन प्रस्ताव को अलग से लिया जाये, क्योंकि उसका एक निश्चित विषय है और उसका अविश्वास प्रस्ताव से बहुत सीधा सम्बन्ध नहीं है । अविश्वास प्रस्ताव बहुत व्यापक होते हैं और उनमें सब विषय आ जाते हैं, जबकि स्थगन प्रस्ताव किसी एक खास मुद्दे के बारे में होते हैं । इसलिए आप उसके लिए अलग से समय निर्धारित करें ।

Shri S. M. Banerjee: I have gone through this no-confidence motion tabled by my hon. friend Shri Vajpayee. It is very specific. It is only about the rape of democracy in Rajasthan (*Interruption*). My Adjournment Motion, or the Adjournment Motion of many other Members and the Calling Attention Notices relate to many other issues. I request that since this no-confidence motion does not cover all those items, the Adjournment Motions and the Calling Attention Notices which relate to a serious situation in Uttar Pradesh and other things should be kept in abeyance. If your ruling now is that all those things, all those discussions may not take place in this issue—this no-confidence motion is specific—then you should see that those things should be kept in abeyance.

Shri Surendranath Dwivedy (Kendrapara): I want to understand one thing After all these points have been raised, I do not think the motion of no-confidence binds us to one thing or limits our discussion only to a particular thing mentioned in regard to the motion. That is not needed according to the rules: but for convenience it is always mentioned. So, I do not think you will rule out any discussion of any other topic which the Members want to raise during the course of the no-confidence motion. It is all right that the Prime Minister has come forward to take up this motion immediately, but I would like to know how much time are you going to devote for this motion: two days or three days.

An hon. Member: One day. (*Interruption*).

Mr. Speaker: One day is enough. After all, you have another opportunity of discussing it during the debate on the President's Address.

Shri Surendranath Dwivedy: That is another matter; I do not think one day will be sufficient.

Shri Nambiar: It will not be sufficient.

Some hon. Members: Two days.

श्री इसहाक सम्भली (अमरोहा) : अध्यक्ष महोदय, अभी आप ने नो-कान्फ़िडेंस मोशन पर बहस की इजाज़त दे दी है। इस वक्त मुल्क के सामने एक बहुत ही अहम मसला है—उत्तर प्रदेश का मसला—और वह आप की फ़ौरी तवज्जह चाहता है, लेकिन वह मसला इस नो-कान्फ़िडेंस मोशन में नहीं आता है। उत्तर प्रदेश में कानून को तोड़ कर मिनिस्ट्री बनाई गई है, जिस के नतीजे में चीज़ों की प्राइसिज खास तौर से गल्ले की कीमतें बहुत तेज़ी से बढ़ रही हैं और लोगों की जानें ख़तरे में पड़ गई है। वह मसला फ़ौरी तौर पर हाउस के सामने आना चाहिए। इस लिए मैं चाहता हूं कि आप सिर्फ़ पुरानी परम्पराओं की ही पाबन्दी न करें, बल्कि वक्त और ज़रूरत के मुताबिक उन परम्पराओं को डेवेलप करते हुए इस बारे में एडजर्नमेंट मोशन को एलाऊ करें, ताकि यू० पी० के लाखों इन्सानों की ज़िन्दगी का मसला इस हाउस के सामने रखा जा सके।

श्री द्वा० ना० तिवारी (गोपालगंज) : इस समय सदन मे जो चर्चा हो रही है, वह प्रधानतः श्री वाजपयी के नो-कान्फ़िडेंस मोशन और कुछ एडजर्नमेंट मोशन के बारे में है। दोनों मोशन्ज करीब करीब एक ही हैं। नो-कान्फिडेंस मोशन और एडजर्नमेंट मोशन दोनों राजस्थान की समस्या पर आधारित हैं।

एक माननीय सदस्य : दोनों में बहुत फ़र्क है।

श्री द्वा० ना० तिवारी : दोनों एक ही समस्या पर आधारित हैं। इस लिए एक ही विषय पर दो मर्तबा बहस कराने से सदन का समय व्यर्थ जायेगा। माननीय सदस्य नो-कान्फ़िडेंस मोशन के दौरान यू० पी० आदि अन्य बातों की चर्चा भी कर सकते हैं। वह मोशन खास तौर से राजस्थान के बारे में ही है। इस लिए मैं समझता हूं कि इस समय नो-

[श्री द्वा० ना० तिवारी]

कान्फ़िडेंस मोशन के अलावा किसी दूसरी मोशन पर बहस को गुंजायश नहीं है।

श्री क० ना० तिवारी : (बेतिया) : अध्यक्ष महोदय, आप के प्रेडेसेसर के सामने भी नो कान्फ़िडेंस मोशन और एडजर्नमेंट मोशन के सम्बन्ध में इस तरह के सवाल आते रहे हैं। मुझे याद है कि उन्होंने रूलिंग दिया था कि जब नो-कान्फिडेंस मोशन एडमिट हो जाता है, तो उस में सब बातें डिस्कस हो जाती हैं और उस समय एडजर्नमेंट मोशन के रूप में उन्हीं बातों को दोबारा डिस्कस करने की आवश्यकता नहीं है। इस लिए मेरा ख़याल है कि इस समय हाउस में केवल नो-कान्फिडेंस मोशन को ही लिया जाना चाहिए।

Shri P. Ramamurti (Madurai): Now that you have allowed this no-confidence motion to be taken up immediately, although the mover confines himself to the specific question of Rajasthan it does not preclude other members who may participate in the debate from raising any other question. Therefore, to say that this no-confidence motion will have to be finished within the course of this day is certainly something which will be doing injustice to us. We will not be able to bring forward many other issues on the basis of which we want to express our want of confidence I would, therefore, request you to rule that the time-limit is extended, that this debate will not be over by today, but we will discuss it on the 20th also fully.

श्री शिव नारायण (बस्ती) : अध्यक्ष महोदय, नो-कान्फ़िडेंस मोशन के मुक़ाबले में एडजर्नमेंट मोशन एक माइनर चीज है और नो-कान्फिडेंस मोशन के लिये जाने के बाद और कोई चीज नहीं ली जाती है। जब लीडर ने नो-कान्फ़िडेंस मोशन पर अभी डिस्कशन करना एक्सेप्ट कर लिया है, तो किसी अन्य मोशन को ले कर हाउस का टाइम वेस्ट नहीं करना चाहिए। मेरे मित्र ने अभी उत्तर प्रदेश का ज़िक किया। मैं समझता हूं कि वहां पर एक फ़र्म गवर्नमेंट है।

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : अध्यक्ष महोदय, आपने राजस्थान की स्थिति पर विचार करने के लिए एक दिन का समय दिया है। पेपर्स को पढ़ने से मालूम होता है कि वहां पर तीस आदमी मरे हैं। अगर एक आदमी के लिए, जिस की जान गई है, एक घंटे का समय भी दिया जाये, तो इस मोशन के लिए तीस घंटे से कम का समय नहीं होना चाहिए, यह मेरा नम्र निवेदन है।

श्री अब्दुल गनी (गुड़गांव) : स्पीकर साहब, जब राजस्थान एसेम्बली में अपोजीशन की अक्सरियत को दुनिया ने देख लिया है, तो मुझे खुशी होगी कि अगर जम्हूरियत के सब से बड़े अलमबरदार की बेटी, श्रीमती इंदिरा गांधी, दिल्ली से अपनी ग़लती का एहसास करें। (Interruption). आनरेबल मैम्बर्ज कुछ भी कहें, ग़लती तो ग़लती ही रहेगी। (Interruption). मैं अर्ज कर रहा था कि.... (Interruption). ये गांधीजी के चेले हैं, जो दूसरे को अपनी बात नहीं कहने देते हैं! इनमें इतनी हिम्मत नहीं है। ..... (व्यवधान) .... अगर यह इस तरह ही शोर करते रहेंगे तो इनकी निन्दा नहीं होगी गान्धी जी की होगी कि उन के चेले ऐसे निकम्मे हैं, ऐसे नालायक हैं, ऐसे बेसब्रे हैं कि वह सुनने के लिए भी तैयार नहीं हैं कि एक अपोजीशन का मेम्बर क्या कहता है। इन को शर्म आनी चाहिए।

मैं इन को हरा कर आया हूं। लेफ्ट और राइट को हराकर आया हूं। मैं यहां आया हूं तो मैं यह अर्ज कर रहा था...... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आनरेबिल मेम्बर अब बैठें।

श्री अब्दुल गनी : मिस्टर स्पीकर, सर, मैं यह अर्ज कर रहा था कि इन्दिरा गांधी जी आप के काम को आसान कर सकती है, वह यह कह दे कि राजस्थान मे मिनिस्ट्री बनेगी तो यह झगड़ा खत्म होता है। ऐडजर्नमेंट मोशन खत्म होता है। कोई ऐडजर्नमेंट मोशन की बात नहीं रहती है। मुझे उम्मीद है कि वह निहायत दिलेरी के साथ अपने पिता की बात को कायम रखेंगी।

श्री जार्ज फर्नांडिज (बम्बई दक्षिण) : अध्यक्ष महोदय, मैं थोडा परेशान हूं, जो यहां पर आप का फैसला हुआ और जो बहस चली, मैं तो पहली बार लोक सभा में आया हूं.....(व्यवधान).....

अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा था, बीच में यह लोग रोकने की कोशिश किए इसलिए उन की तरफ देखना पड़ा जो एक पुस्तक हैंड बुक फार मेम्बर्स हमे दी गई है उस के पृष्ठ 34 पर लिखा है :

"The following procedure will be observed in the disposal of notices of adjournment motions:—

(1) Where the Speaker is satisfied *prima facie* that the matter proposed to be discussed is in order under the rules, he will give his consent to the moving of the motion and at the appropriate time call upon the member concerned....."

अध्यक्ष महोदय, इस में तो साफ लिखा है कि अगर इस मामले मे आप के मन मे बात जंची कि जो नोटिस आपके सामने है ऐडजर्नमेंट मोशन का वह महत्वपूर्ण मामला है तो उस पर आप बहस करने की इजाजत देंगे। लेकिन मैं जरा परेशान हूं, जो बहस चली उस से ऐसा लगता है कि आप के मन में कुछ दुविधा है। अध्यक्ष महोदय, जब आपने वोट आफ नो-कान्फिडेंस, अविश्वास के प्रस्ताव की इजाजत दी तो वह देते वक्त आपने उस की कुछ चर्चा भी की और उस में मुझे ऐसा लगा कि राजस्थान के मसले को आप बहुत महत्व देते हैं। उस को महत्व देते हैं इसलिए अविश्वास के प्रस्ताव पर बहस की इजाजत आप ने दे दी। तो अगर आप उस को महत्व का मानते हैं और मुझे तो ऐसा ही दिखाई देता है सदन मे कि सभी लोग उसे महत्व दे रहे हैं तो इन नियमो के अनुसार जिन का उल्लेख मधु लिमये जी ने किया और जो इस हैंडबुक की बात मैंने पेश की है और जो आप प्रस्ताव को बहस के लिए लेने वाले हैं इन सब बातो को देखते हुए आपका यह फर्ज हो जाता है कि ऐडजर्नमेंट मोशन को तत्काल बहस के लिए रखने की इजाजत दे।

Shri Khadilkar (Khed): Mr. Speaker, Sir, it is not only what is written in the Handbook of Procedure that we adopt here, but the conventions and past rulings form part of the procedure of this House. Unfortunately, today you have shown indulgence.....

An hon. Member: Fortunately.

Shri Khadilkar: My hon friends, Shri Masani and Shri Hiren Mukerjee would bear me out that on no occasion after the President's Address.....

Mr. Speaker: We have already taken a decision about that.

Shri N. C. Chatterjee (Burdwan): He is challenging your ruling.

Shri Khadilkar: That is why I am referring to the past rulings, because on this point there is already a ruling given by the former Speaker that when the President's Address is to be debated upon, if the points raised in the Adjournment Motion or Motion of No-Confidence were to be covered in the discussion on the President's Address, Members were never allowed to move them. But another important matter is, so far as Motion of No-Confidence is concerned, it has a wide field to cover. It can cover

[Shri Khadilkar]

any issue. Then, in such a situation, once you have admitted it, there is no scope for another adjournment motion, or any other motion, because it has a wider amplitude to cover.

Shri Krishna Kumar Chatterjee (Howrah): I am deeply amazed, being a new member, to listen to the controversy that has ensued. Our Prime Minister has conceded the opposition demand that the No-Confidence motion should be taken up immediately. After that, the question of bringing in an adjournment motion first, does not arise. It is the difference between Tweedledum and Tweedledee. In the discussion of the no-confidence motion, certainly Rajasthan and Uttar Pradesh will come in very large proportion; comments will be made about Rajasthan and Uttar Pradesh. Nobody is debarred from making comments on other points also. Therefore, I think this controversy should stop. We shall immediately take up the question of No-Confidence, leaving aside the question of adjournment. We on this side have already conceded that the No-Confidence motion should be debated on immediately.

Shri N. C. Chatterjee: Sir, now you have given your ruling, we must abide by it. The language of the motion is "that the House expresses its lack of confidence in the Council of Ministers". It is very widely put and there is no limi ation. Therefore, we can indulge in all sorts of arguments and contentions to justify the motion. It is not done in an irresponsible manner. It is a very important subject, because we maintain that it is a fraud on the Constitution of India, a severe blow to democracy, which must be ended immediately. I only plead with you and with the House that one day is absolutely inadequate for dealing with this important subject. I am pleading that you should allot at least two days so that the whole thing may be debated.

The Minister of Law (Shri Govinda Menon): Two questions have been raised here. Whether the time for discussion should be one day or more, that is for you to decide, in consultation with the Leader. Regarding the question whether apart from the No-Confidence motion, the adjournment motion should also be discussed, the matter is perhaps covered by a rule which says that no member shall anticipate the discussion on a matter which has been previously appointed for consideration. The rule fur her says "in determining whether a discussion is out of order on the ground of anticipation, regard shall be had by the Speaker to the probability of the matter anticipated being brought before the House within a reasonable time". The motion was read out, and the ground given was the Rajasthan matter.

An hon. Member: But not UP on which there is a separate motion.

Shri Govinda Menon: It was contended here that other matters also may be discussed during the discussion. That being so, it will be a wastage of time and a breach of the rule laid down, to have another motion, in anticipation of the motion which has been taken up for discussion. Again, the question is, the No-Confidence motion having been admitted, whether the business of the House should not be broken and the adjournment motion taken up. On that I find the view of the House, in the last Lok Sabha, was that once a No-Confidence motion is admitted, no other business should be taken up and the No-Confidence motion should have precedence. On that matter friends in this House fought very vigorously last time and, finally, the Prime Minister conceded it. That being so, I should think that it would be wrong to have any other matter taken up for discussion before the No-Confidence motion is disposed of.

Mr. Speaker: Instead of spending any further time on this discussion, why not we take up the No-Confidence motion? About the time to be allotted for it, let us continue the discussion and, if necessary, we can find some time for it on the next working day also.

13 hrs.

Shri Surendranath Dwivedy: From your ruling it is not clear whether the adjournment motions . . .

Mr. Speaker: I have not given any ruling.

Shri Surendranath Dwivedy: But you have said that this will get precedence and immediately discussion would start. But what happens to the notices of adjournment motion that have been given?

Mr. Speaker: Adjournment motions and calling-attention notices, all that we will consider and see how many of them cover the same Rajasthan issue and how many different issues. We will examine them separately, unconnected with this. No ruling is given now.

श्री कंवरलाल गुप्त : अध्यक्ष महोदय, क्या आपने यह मान लिया है कि यह डिस्कशन दो दिन चलेगा ?

श्री मधु लिमये : ध्यान दिलाने के प्रस्तावों का क्या होगा, उनका न अविश्वास प्रस्ताव से और न स्थगन प्रस्ताव से कोई सम्बन्ध है।

अध्यक्ष महोदय : उसको 20 ता० को लेंगे, आज तो नो-कान्फीडेन्स मोशन को इमिडियेटली लेंगे।

Shri Nambiar: Unless we know the time fixed for this, we will not be in a position to aportion the time that each Member or group will get. Those who get the opportunity to speak earlier will absorb all this time. Without fixing the time it will not be possible to regulate the discussion even.

Mr. Speaker: I have said that on Monday also this will be continued. It is clear, it will be for two days.

13.02 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

ORDINANCES UNDER THE PROVISIONS OF ARTICLE 123(2) (A) OF THE CONSTITUTION

The Minister of Parliamentary Affairs and Communications (Dr. Ram Subhag Singh): I beg to lay on the Table a copy each of the following Ordinances, under provisions of article 123(2)(a) of the Constitution:—

(1) The Mineral Products (Additional Duties of Excise and Customs) Amendment Ordinance, 1966 (No. 12 of 1966) promulgated by the President on the 15th December, 1966. [*Placed in Library. See No.* LT.—2/67].

(2) The Essential Commodities (Second Amendment) Ordinance, 1966 (No. 13 of 1966) promulgated by the President on the 23rd December, 1966. [*Placed in Library. See No.* LT-3/67].

(3) The Land Acquisition (Amendment and Validation) Ordinance; 1967 (No. 1 of 1967) promulgated by the President on the 20th January, 1967 [*Placed in Library. See No.* LT-4/67].

(4) The Representation of the People (Amendment) Ordinance, 1967 (No. 2 of 1967) promulgated by the President on the 28th February, 1967. [*Placed in Library. See* No. LT-5/67].

NOTIFICATIONS UNDER ALL INDIA SERVICES ACT AND RE. PRESIDENT'S RULE IN KERALA

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): I beg to lay on the Table:—

(1) A copy each of the following Notifications under sub-section (2) of section 3 of the All India Services Act, 1951:—

(i) G.S.R. 1779 published in Gazette of India dated the 26th November, 1966, making certain amendments to Schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

(ii) G.S.R. 1832 published in Gazette of India dated the 3rd December, 1966, making certain amendments to Schedule III to the Indian Police Service (Pay) Rules, 1954.

(iii) The All India Services (Discipline and Appeal) Amendment Rules, 1966, published in Notification No. G.S.R. 1878 in Gazette of of India dated the 10th December, 1966.

(iv) G.S.R. 1822 published in Gazette of India dated the 10th December, 1966, containing corrigendum to G.S.R. 1270 published in the Gazette of India dated the 20th August, 1966.

(v) The All India Services (Provident Fund) 2nd Amendment) Rules, 1966, published in Notification No. G.S.R. 1913, in Gazette of India dated the 17th December, 1966.

(vi) The All India Services (Death-cum-Retirement Benefits) (2nd Amendment) Rules, 1966, published in Notification No. G.S.R. 1915 in Gazette of India dated the 17th December, 1966.

(vii) The All India Services Computation of Pensions (Amendment) Regulation, 1966, published in Notification No. G.S.R. 1916 in Gazette of India dated the 17th December, 1966.

(viii) G.S.R. 1956 published in Gazette of India dated the 24th December, 1966, making certain amendments to Schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

(ix) G.S.R. 1957 published in Gazette of India dated the 24th December, 1966, making certain amendments to Schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

(x) The All India Services (Compensatory Allowance) Amendment Rules, 1966, published in Notification No. G.S.R. 1958 in Gazette of India dated the 24th December, 1966.

(xi) G.S.R. 1990 published in Gazette of India dated the 31st December, 1966, making certain amendments to schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

(xii) G.S.R. 1992 published in Gazette of India dated the 31st December, 1966, making certain amendments to Schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

(xiii) G.S.R. 1993 published in Gazette of India dated the 31st December, 1966, making certain amendments to Schedule III to the Indian Police Service (Pay) Rules, 1954.

(xiv) The All India Services (Travelling Allowance) (Amendment) Rules, 1966, published in Notification No. G.S.R. 66 in Gazette of India dated the 21st January, 1967.

(xv) G.S.R. 69 published in Gazette of India dated the 21st January, 1967, making certain amendments to Schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

(xvi) G.S.R. 70 published in Gazette of India dated the 21st January, 1967, making certain amendments to Schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

(xvii) G.S.R. 136 published in Gazette of India dated the 4th February, 1967, making certain amendments to Schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954.

(xviii) G.S.R. 137 published in Gazette of India dated the 4th February, 1967, making certain amendments to Schedule III to the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954. [*Placed in Library. See No.* LT-6/67].

(2) A copy of Proclamation issued by the President on the 6th March, 1967, revoking the Proclamation issued by the Vice-President, discharging the functions of the President, on the 24th March 1965, in relation to the State of Kerala, published in Notification No. G.S.R. 298 in Gazette of India dated the 6th March 1967, under clause (3) of article 356 of the Constitution [*Placed in Library. See* No. LT-7/67].

12.05 hrs.

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL), 1966-67

The Deputy Prime Minister and Minister of Finance, (Shri Morarji Desai): I beg to present a statement showing Supplementary Demands for Grants in respect of Budget (General) for 1966-67.

12.05½ hrs.

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GOA, DAMAN AND DIU), 1966-67

The Deputy Prime Minister and Minister of Finance, Shri Morarji Desai): I beg to present a statement showing Supplementary Demands for Grants in respect of Union Territory of Goa, Daman and Diu for 1966-67.

12.05½ hrs.

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (RAILWAYS), 1966-67

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha): I beg to present a statement showing Supplementary Demands for Grants in respect of Budget (Railways) for 1966-67.

12.05½ hrs.

PRESIDENT'S ASSENT TO BILLS

Secretary: Sir, I lay on the Table following ten Bills passed by the Houses of Parliament during the Sixteenth Session of Third Lok Sabha and assented to by the President:

(1) The Kerala Appropriation (No. 3) Bill, 1966.

(2) The Kerala Appropriation (No. 4) Bill, 1966.

(3) The Kerala Appropriation (No. 5) Bill, 1966.

(4) The Appropriation (Railways) No. 3 Bill, 1966.

(5) The Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 1966.

(6) The Appropriation (No. 4) Bill, 1966.

(7) The Appropriation (No. 5) Bill, 1966.

(8) The Produce Cess (Amendment) Bill, 1966.

(9) The Indian Tariff (Second Amendment) Bill, 1966.

(10) The Post-Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh, Bill, 1966.

[Secretary]

Sir, I lay on the Table copies, duly authenticated by the Secretary of Rajya Sabha, of the following fourteen Bills passed by the Houses of Parliament during the Sixteenth Session of Third Lok Sabha and assented to by the President:

(1) The Beedi and Cigar Workers (Conditions of Employment) Bill, 1966.

(2) The Companies (Amendment) Bill, 1966.

(3) The Delhi Municipal Corporation (Validation of Electricity Tax) Bill, 1966.

(4) The Metal Corporation of India (Acquisition of Uundertaking) Bill, 1966.

(5) The Companies (Second Amendment) Bill, 1966.

(6) The Constitution (Nineteenth Amendment) Bill, 1966.

(7) The Goa, Daman and Diu (Opinion Poll) Bill, 1966.

(8) The Employees' State Insurance (Amendment) Bill, 1966.

(9) The Representation of the People (Amendment) Bill, 1966.

(10) The Preventive Detention (Continuance) Bill, 1966.

(11) The Banaras Hindu University (Amendment) Bill, 1966.

(12) The Jawaharlal Nehru University Bill, 1966.

(13) The Constitution (Twentieth Amendment) Bill, 1966.

(14) The Seeds Bill, 1966.

12.06 hrs.

ESTIMATES COMMITTEE

HUNDRED AND THIRTEENTH REPORT

Secretary: The Chairman, Estimates Committee (1966-67) presented to the Speaker on the 2nd March, 1967, the Hundred and Thirteenth Report on action taken by Government on the recommendations contained in the Forty-Eighth Report of the Estimates Committee (Third Lok Sabha) on the erstwhile Ministry of International Trade in terms of Clause (1) of Speaker's Direction No. 71A.

In terms of clause (6) of Speaker's Direction No. 71A, I lay a copy of the Report on the Table of the House.

12.06½ hrs.

SYNOPSES OF PROCEEDINGS OF PLAN COMMITTEES

Secretary: Sir, I beg to lay on the Table a copy each of the Synopses of Proceedings of the following Committees of Third Lok Sabha on the Draft Fourth Five Year Plan:—

(1) Committee 'A' (Policy, Resources and Allocations);

(2) Committee 'C' (Agriculture and Rural Economy);

(3) Committee 'D' (Social Services); and

(4) Committee 'E' (Education and Manpower Planning).

12.06½ hrs.

ARMED FORCES (SPECIAL POWERS) CONTINUANCE BILL*

The Minister of External Affairs (Shri M. C. Chagla): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to continue the Armed Forces (Special Powers) Regulation, 1958, for a further period.

Mr. Speaker: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill to continue the Armed Forces (Special Powers) Regulations, 1958, for a further period."

The motion was adopted.

---

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dated 18th March, 1967.

Shri M. C. Chagla: Sir, I introduce the Bill.

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): Sir, I want to know the special reasons for the Minister of External Affairs introducing this Bill. Why has the Defence Minister not done it? Are we still continuing with the practice that Nagaland and other things come under the External Affairs Minister? He should explain that.

Shri K. Manoharan (Madras North): Sir, can we not take up the No-Confidence Motion on Monday?

Mr. Speaker: No.

13.07½ hrs.

REPRESENTATION OF THE PEOPLE (AMENDMENT) BILL*

The Minister of Law (Shri Govinda Menon): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1951.

Mr. Speaker: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Representation of the People Act, 1951."

The motion was adopted.

Shri Govinda Menon: Sir, I introduce the Bill.

13.08 hrs.

STATEMENT *RE.* ORDINANCE

(i) REPRESENTATION OF THE PEOPLE (AMENDMENT) ORDINANCE

The Minister of Law (Shri Govinda Menon): Sir, I beg to lay on the Table a copy of the explanatory statement giving reasons for immediate legislation by the Representation of the People (Amendment) Ordinance, 1967, as required under rule 71(1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha.

13.08½ hrs.

LAND ACQUISITION (AMENDMENT AND VALIDATION) BILL*

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Land Acquisition Act, 1894, and to validate certain acquisitions of land under the said Act.

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): Sir, this Bill has been circulated to us. This is based on a judgment of the Supreme Court. I would have liked that along with this Bill that judgement of the Supreme Court should have been circulated to us to understand the whole thing. I would only request the hon. Minister to circulate the copy of the Supreme Court judgement which has necessitated this Bill for the validation of certain land acquisitions.

Shri Bal Raj Madhok (South Delhi): It is a very relevant point. The copy of the Supreme Court judgement should be circulated.

Mr. Speaker: What is the view of the Minister?

Shri Annasahib Shinde: The Supreme Court judgement is a public document. It is available to hon. Members.

Mr. Speaker: A few copies may be kept here also.

Shri Nambiar: Shri Shukla has presented a long list of notifications....

Mr. Speaker: We cannot go back now.

---

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2, dated 18th March, 1967.

[Mr. Speaker]

The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Land Acquisition Act, 1894, and to validate certain acquisitions of land under the said Act."

The motion was adopted.

Shri Annasahib Shinde: I introduce the Bill.

13.10 hrs.

STATEMENT RE. ORDINANCE —contd.

(ii) Land Acquisition (Amendment and Validation) Ordinance

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Shri Annasahib Shinde): I lay on the Table a copy of the explanatory statement giving reasons for immediate legislation by the Land Acquisition (Amendment and Validation) Ordinance, 1967, as required under rule 71(1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha.

13.10½ hrs.

STATEMENT RE. TERMINATION OF EMERGENCY

The Minister of Home Affairs (Shri Y. B. Chavan): Mr. Speaker, Sir, I beg to make the following statement.

The Proclamation of Emergency which was made in the wake of Chinese aggression has been reviewed. In actual practice, Government have already restricted the exercise of Emergency powers to certain areas only. It is their intention to seek necessary constitutional authority to terminate with effect from 1st July, 1967 the state of emergency in all parts of the country except where abnormal conditions still persist.

13. 11 hrs.

MOTION OF NO-CONFIDENCE IN THE COUNCIL OF MINISTERS

Mr. Speaker: We shall now take up the No-Confidence Motion.

Shri Vajpayee.

Shri A. K. Gopalan (Kasergod): Are we having the discussion just now?

Mr. Speaker: All of us agreed.

Shri A. K. Gopalan: May I make a submission? It is true, as the Law Minister said, that when the No-Confidence Motion is moved, it must be taken up first before any other subject is taken up. But as far as today's order paper is concerned, the work is over and there is no other business left. We can take it up on Monday.

Mr. Speaker: All of us agreed, including the Prime Minister, that it could be taken up today. Let us take it up today and it will also be discussed on Monday.

Shri A. K. Gopalan: I suggest that the No-Confidence Motion may be moved today; the mover is there and he can speak. As far as others are concerned, they may speak on Monday. We know it only now; we did not know it before. You may give an opportunity to the mover of the No-Confidence Motion. He can move it and then it can be taken up on Monday.

Dr. Karni Singh (Bikaner): I wish to make a submission that since this No-Confidence Motion is primarily fixed on the President's rule in Rajasthan, the Members of the Opposition from Rajasthan who have given adjournment motions should be given time earlier.

Shri Hem Barua (Mangaldai): The convention is that after the normal routine business is transacted in the House, the House is adjourned.

Mr. Speaker: All of us agreed that it could be taken up now.

An hon'ble Member: We can have it on Monday and Tuesday.

Some hon. Members: No.

Mr. Speaker: It will be discussed on Monday also. Shri Vajpayee.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन मंत्रिपरिषद में अपने विश्वास के अभाव को प्रकट करता है।

महोदय, यह प्रस्ताव मैं खेद के साथ उपस्थित कर रहा हूं। कुछ ही दिन पहले यह मंत्रिमंडल गठित हुआ है। आज राष्ट्रपति महोदय ने मंत्रिमंडल की नीतियों पर प्रकाश डाला है। स्पष्ट है कि इस अविश्वास प्रस्ताव की सूचना मंत्रिमंडल की अन्य नीतियों के स्पष्ट होने से पहले ही दे दी गई थी और इसीलिए प्रस्ताव के साथ जो मैं ने कारण दिये हैं उनमें केवल राजस्थान की स्थिति का संकेत किया है। नये मंत्रिमंडल ने और उसके सदस्यों ने संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेने के बाद जो पहला काम किया वह था राजस्थान में संविधान पर आघात करना। राजस्थान में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। विधान सभा को स्थगित कर दिया गया। आम चुनाव के द्वारा राजस्थान की जनता ने जिस प्रकार का शासन चाहती थी उसे उस शासन से वंचित कर दिया गया। राजस्थान में जो कुछ हुआ है वह लोकतन्त्र की हत्या है। चुनाव के द्वारा जनता ने जो मत दिया है उस की खुली अवहेलना है। वस्तुतः यह बड़ी दुखदायी बात है कि जब देश के अन्य प्रदेशों में ठीक ढंग से मंत्रिमंडल बने हैं तो केवल राजस्थान और उसके साथ उत्तर प्रदेश में भी मंत्रिमंडल के निर्माण में न तो संविधान के अक्षर की न उसकी भावना का खयाल किया गया है और न चुनाव के परिणामों द्वारा जनता ने जो अपना निर्णय दिया है उसका समादर किया गया।

राजस्थान में जो कुछ हुआ उसकी देश में व्यापक प्रतिक्रिया हुई है। राजनीतिक दलों को छोड़ कर जिन व्यक्तियों का राजनीति के साथ सम्बन्ध नहीं है, जो स्वतन्त्रचेता हैं, आवश्यकता पड़ने पर जो विरोधियों की भी आलोचना करते हैं, उन्होंने भी राजस्थान में राष्ट्रपति शासन घोषित करने के केन्द्रीय सरकार के निर्णय की कटु निन्दा की है। समाचारपत्रों ने एक स्वर से इस कदम को अलोकतान्त्रिक और अवैधानिक ठहराया। प्रश्न यह है कि आम चुनावों के तुरन्त बाद जब जनता ने कुछ छुटपुट घटनाओं को छोड़ कर शान्तिपूर्ण तरीके से मतदान में उत्साह से भाग लेकर लोकतन्त्र में अपनी गहरी आस्था प्रकट की है तो राजस्थान में इस प्रकार का दुखदायी दृश्य क्यों उपस्थित हुआ? गड़बड़ वहां से शुरू हुई जब राजस्थान के राज्यपाल महोदय ने यह निर्णय लिया कि विधान सभा में जो सबसे बड़ा दल है उसे वे मंत्रिमंडल बनाने के लिए निमंत्रण देंगे। प्रश्न यह है कि मंत्रिमंडल बनाने के लिए किसी दल को निमंत्रण देते समय राज्यपाल चुनाव के निर्णय को ध्यान में रखेंगे या नहीं रखेंगे। यह भी प्रश्न है कि निमन्त्रण देते समय केवल राजनीतिक दलों की संख्या देखी जायेगी। या जो निर्दलीय रूप से स्वतन्त्र हुए हैं उन सदस्यों की भी गणना की जायगी। राजस्थान में कांग्रेस दल के नेता को राज्यपाल द्वारा निमंत्रण देने का कोई औचित्य नहीं था। राजस्थान में कांग्रेस को केवल तीस फीसदी मत मिले हैं जबकि कांग्रेस के विरुद्ध 70 फीसदी जनता ने अपना अभिमत प्रकट किया है। राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को ठुकरा दिया है। राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को चुनाव में परास्त कर दिया है। (व्यवधान)

श्री राजेश्वर प्रसाद (छपरा): उनका नम्बर कितना है?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं उस पर भी आ रहा हूं। क्या केवल सीटें गिनी जायेंगी ? क्या चुनाव के द्वारा जनता ने जो राय प्रकट की है, जो राय प्रकट हुई है उसे दृष्टि से बिलकुल ओझल कर दिया जायेगा ? यदि सीटों का ही विचार करना है तब भी क्या यह सच नहीं है कि राजस्थान में जितने गैर-कांग्रेसी सदस्य निर्वाचित हुए थे उन्होंने अपने को एक दल के रूप में संगठित किया ? उन्होंने अपना एक नेता चुना। उन्होंने एक न्यूनतम कार्यक्रम निर्धारित किया। राजस्थान के राज्यपाल के लिए यह रास्ता खुला हुआ था कि वह जनमत का समादर करते और जो नया दल गठित हुआ था उस के नेता को मंत्रिमंडल बनाने के लिए बुलाते। एक दिन उन्होंने घोषणा भी कर दी थी कि वे किसे मंत्रिमंडल बनाने के लिए निमन्त्रण दे रहे हैं इसकी जनता को सूचना देंगे। लेकिन जब पत्रकार गये तो राज्यपाल महोदय ने कहा कि मेरा दिमागी संतुलन बिगड़ गया है क्योंकि कल जो विरोधी दल के नेता आये थे उनमें से एक नेता जाते जाते मुझे ऐसी बात कह गये जिस बात का कि मैं आदी नहीं हूं। अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल से विरोधी दल की ओर से क्या बात कही गई ? केवल इतना कहा गया कि हम आशा करते हैं आप निष्पक्षता से निर्णय करेंगे। कल भी हमने आप से कहा कि आप अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं, हम आप से आशा करते हैं कि आप निष्पक्ष दृष्टि से कार्य करेंगे। इसमें बुरा मानने की कौनसी बात थी? लेकिन शायद राज्यपाल के दिल में चोर था जिसके कि कारण वह अपना संतुलन खो बैठे और दूसरे दिन उन्होंने जो निर्णय दिया वह संसदीय इतिहास में और कम से कम भारत के संसदीय इतिहास में बड़ा विचित्र माना जायेगा।

राज्यपाल ने कहा कि कांग्रेस दल की और गैर-कांग्रेस दलों की शक्ति का विचार करते समय जो निर्दलीय सदस्य चुने गये हैं मैं उनकी गिनती करने की आवश्यकता नहीं समझता। जब तक निर्दलीय सदस्य चुनाव लड़ते हैं, जब तक निर्दलीय सदस्यों को चुनाव लड़ने का अधिकार है, जब तक वे विजयी होकर विधान सभाओं में और संसद् में आ सकते हैं, तब तक कोई उनके अस्तित्व से इंकार नहीं कर सकता। क्या यह सच नहीं कि 1962 में इसी राजस्थान में निर्दलीय सदस्यों के सहयोग से ही कांग्रेस सत्तारूढ़ हो सकी थी? जो नियम 1962 में लागू किया गया वह 1967 में लागू करने के लिए राज्यपाल तैयार नहीं हैं।

सन् 1962 में निर्दलीय सदस्यों को जोड़ने से कांग्रेस का बहुमत बनता था, सन् 1967 में निर्दलीय सदस्यों को जोड़ने से कांग्रेस अल्पमत में होती है, इसलिए राज्यपाल महोदय ने संविधान की अवहेलना कर के एक विचित्र निर्णय दिया, जिसकी परिणति इसमें हुई कि कांग्रेस दल के नेता को मंत्रिमंडल बनाने के लिए बुलाया गया। राजस्थान में इसकी प्रतिक्रिया होनी स्वाभाविक थी। जनता में रोष जागना भी आवश्यक था। जब संविधान की अवहेलना की जायेगी और जनमत को ठुकराया जायेगा, तथा जब राज्यपाल ऐसा आचरण करेंगे जिसमें से पक्षपात की गन्ध आती होगी, तो लोगों को शान्तिपूर्ण तरीके से अपना रोष प्रकट करने से नहीं रोका जा सकता। भारत गणराज्य है, हम एक लोकतन्त्र हैं, हम शान्तिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन का अधिकार जनता से छीन नहीं सकते।

मैं पूछना चाहता हूं कि जयपुर में दफा 144 लगाने की क्या जरूरत थी..... (व्यवधान) मुझे कांग्रेसी सदस्यों के अज्ञान पर बड़ा दुःख होता है, और यही कारण है कि इस अज्ञान का लाभ उठा कर मंत्रिमंडल ने ऐसा कदम उठाया है जिसके कारण मंत्रिमंडल की प्रतिष्ठा बहुत गिरी है। राजस्थान में हमारे कांग्रेस के सदस्यों को जनता को मुंह दिखाना मुश्किल हो गया है। स्पष्टतः दफा 144 लगा कर शान्तिपूर्ण प्रदर्शन को रोकने की चेष्टा की

गई । विरोधी दलों के नेताओं को जेल में बन्द करके जनता के नेतृत्वविहीन किया गया, और इससे जयपुर में असन्तोष ने और भी उग्र रूप लिया ।

जयपुर में 7 मार्च को गोली चली । मुझे सन्तोष है कि केन्द्रीय सरकार ने उस गोली-कांड की हाई कोर्ट के जज द्वारा जांच कराने के सम्बन्ध में सहमति द है। क्या गोली चलाना जरूरी था । कमीशन इसकी जांच करेगा, लेकिन तथ्यों को सदन के सामने रखना मैं अपना कर्तव्य समझता हूं । आकाशवाणी से घोषणा कर दी गई कि जयपुर में दफा 144 हटाई जा रही है, लेकिन सड़कों पर तायनात जो पुलिस थी उसको खबर नहीं थी । रेडियो पर दफा 144 हटाने की घोषणा सुन कर भीड़ सड़कों पर इकट्ठी होने लगी ।

Shri P. Venkatasubbaiah (Nandyal) On a point of order. Now that the Government have instituted a judicial inquiry into the police firing, can the hon. Member raise that matter during the course of his speech here?

Mr. Speaker: Not specifically, but in a general way he has been referring to it.

Shri A. B. Vajpayee: It is only a fact-finding Commission; nothing is sub-judice.

An hon. Member: Is it a point of order or point of disorder?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, यह समझ कर कि दफा 144 वापस ले ली गई है, लोग सड़कों पर निकले, और पुलिस ने उनको तितर बितर करने के लिए बलप्रयोग किया, जिसकी परिणति गोलीकांड में हुई। लेकिन एक बात ध्यान में रखनी होगी कि 7 मार्च के बाद जयपुर में पूरी शान्ति रही। जयपुर को छोड़ कर सारे राजस्थान में आन्दोलन शान्तिपूर्ण ढंग से चला ।

विरोधी दलों पर आरोप यह लगाया गया है कि वे सरकार बनाने का निर्णय विधान सभा के भीतर न ले कर सड़कों पर लेना चाहते थे। मैं इस आरोप का दृढ़तापूर्वक खंडन करता हूं । विरोधी दल केवल जयपुर में ही सक्रिय नहीं हैं, सारे राजस्थान में प्रभाव रखते हैं । सारे राजस्थान में शान्ति रही क्या यह इस बात का सबूत नहीं है कि विरोधी दल मामले को सड़कों पर ले जाने के हामी नहीं थे ? यदि राजस्थान सरकार और पुलिस संयम स काम लेती तो जयपुर में गोली चलाने की नौबत नहीं आती ।

बस्तर में हुए गोलीकांड का इस सदन में समर्थन किया गया था । पांडे कमीशन की रिपोर्ट आ गई है । उस पर और प्रकाश डालने की आवश्यकता नहीं है । 7 नवम्बर को दिल्ली में जो गोली चली उसका भी पूर्व सदन में समर्थन हुआ था । गृह मंत्री बतलायें कि दिल्ली पुलिस ने उस गोली कांड के बारे में जो जांच की है उसका निर्णय क्या है । जयपुर में 7 मार्च और दिल्ली में 7 नवम्बर को शासन की विफलता जनता की भावनाओं को कुचलने की उसकी तत्परता ही दिखाती हैं ।

कांग्रेस के नेता श्री सुखाड़िया ने जब देखा कि बहुमत उन के साथ नहीं है और उन्होंने राज्यपाल को इस आशय की सूचना दी कि मैं मंत्रिमंडल नहीं बना सकता, तब राज्यपाल का कर्तव्य था कि संयुक्त दल के नेता को मंत्रिमंडल बनाने के लिए बुलाते । उनको क्यों नहीं बुलाया गया । इसके लिए जवाब दिया गया कि राजस्थान में कानून और व्यवस्था की परिस्थिति पैदा हो गई । 7 मार्च के बाद राजस्थान में क्या हुआ ? कौनसी नई परिस्थिति पैदा हुई ? श्री सुखाड़िया 7 मार्च के बाद मंत्रिमंडल बनाने के लिए तैयार थे, तब तो उन्होंने कानून और व्यवस्था का हवाला नहीं दिया । तब वह समझते थे कि लोभ से, लालच से, भय से आतंक से, उचित और अनुचित तरीके अपना कर, वह गैर-कांग्रेसी

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

सदस्यों को अपनी ओर तोड़ लेंगे और मंत्रि-मंडल बनाने में सफल हो जायेंगे। जब उन की आशाओं पर पानी फिर गया तो उन्होंने कानून और व्यवस्था का हवाला दे कर मंत्रि-मंडल बनाने में अपनी असमर्थता प्रकट की। राज्यपाल महोदय के लिए रास्ता खुला हुआ था। वे गैर-कांग्रेसी दलों को बुला कर मंत्रिमंडल बनाने के लिए बुला सकते थे। लेकिन यदि राज्यपाल ऐसा करते तो आज की परिस्थिति पैदा न होती। उन्होंने विरोधी दलों को सरकार बनाने का मौका देने के बजाय केन्द्र को लिख दिया कि राजस्थान में परिस्थिति ऐसी है जिसमें संविधान काम नहीं कर सकता और राष्ट्रपति का शासन लागू किया जाना चाहिए।

मैं चाहूंगा कि राजस्थान के राज्यपाल की रिपोर्ट सदन की मेज पर रखी जाये। केरल के मामले में इस प्रकार की परम्परा अपनाई जा चुकी है। कहा जाता है कि राज्यपाल ने सिफारिश की थी कि विधान सभा भंग कर दी जाये। लेकिन केन्द्रीय सरकार ने उनकी बात नहीं मानी। विधान सभा को भंग नहीं किया गया, केवल मूर्छित किया गया है। राजस्थान की विधान सभा बेहोश कर दी गई है। पता नहीं कौन हनुमान संजीवनी ले कर आयेंगे और उस मूर्छित विधान सभा को होश में लायेंगे। शायद संजीवनी गृह मंत्रालय की किसी आलमारी में बन्द है।

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चह्वाण) : आपको मदद लेंगे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : यशवन्त राव आज उस आलमारी को रक्षा कर रहे हैं खेद का विषय है कि राज्यपाल ने पक्षपातपूर्ण आचरण किया। केन्द्रीय सरकार ने उस पक्षपात के साथ अपने को जोड़ा। केन्द्रीय सरकार के लिए मार्ग खुला हुआ था। राज्यपाल को सलाह दी जा सकती थी कि वह अपनी रिपोर्ट पर पुनर्विचार करें, बदलती हुई परिस्थिति, शान्तिपूर्ण परिस्थिति को देखते हुए जो सिफारिश की उस पर फिर से सोचें। लेकिन केन्द्र ने भी अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि जहां भारत के सभी अन्य प्रदेशों में जनता द्वारा चुनी हुई सरकारें काम कर रही हैं वहां केन्द्र के गृह मंत्री ने राजस्थान का भाग्यसूत्र अपने हाथ में ले लिया है।

मुझे आश्चर्य है कि गृह मंत्री महोदय ने कहा कि विधान सभा इसलिए नहीं बुलाई जा सकी क्योंकि विरोधी दलों ने विधान सभा के सामने एक प्रचंड प्रदर्शन करने की घोषणा की थी।

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री० शेर सिंह) : तैयारी की थी, घोषणा नहीं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आपको उन की तैयारी का पता लग गया और उसके आधार पर आपने संविधान की हत्या कर दी। क्या प्रदर्शन की घोषणामात्र से विधान सभा स्थगित कर दी जायेगी, जनता को लोकतंत्रीय अधिकारों से वंचित कर दिया जाएगा? लोकतन्त्र में प्रदर्शन चलेंगे, प्रदर्शन चलने चाहिए और अगर प्रदर्शन के आधार पर सरकारें न बनने वाली हों तब तो फिर कांग्रेस के हमारे मित्र किसी प्रदेश में गैर-कांग्रेसी सरकार को चलने नहीं देंगे।

प्रश्न राजस्थान का ही नहीं है। केन्द्रीय सरकार और गैर-कांग्रेसी सरकारों का प्रश्न भी इसके साथ जुड़ गया है। कल मैंने कहा था कि कांग्रेस का सत्ता पर से एकाधिकार समाप्त हो गया है। अनेक प्रदेशों में गैर-कांग्रेसी मंत्रिमंडल बने हैं। क्या केन्द्रीय सरकार उनको चलने देगी?

श्री यशवन्त राव चह्वाण : जरूर।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : राजस्थान एक इंगित है, एक इशारा है जो केन्द्रीय सरकार की नीयत के बारे में शक पैदा करता है । मैं पूछना चाहता हूं कि जब इतने प्रदेशों में गैर-कांग्रेसी सरकारें बन सकी हैं और चल रही हैं तो राजस्थान और उत्तर प्रदेश को ही क्यों अलग किया गया ?

आप अन्तर देखिये । गैर-कांग्रेसी सरकारें जहां बनी हैं या जब वहां इन सरकारों के बनने की घोषणा हुई है, तो जनता ने दीये जलाये लेकिन जब राजस्थान में कांग्रेस दल के नेता को मंत्रिमंडल के लिए बुलाया गया तो वहां चितायें जलीं । जब गैर-कांग्रेसी दलों ने सत्ता के सूत्र सम्भाले तो माताओं और बहनों ने उनके माथे पर तिलक की रोलियां लगाईं और जब राजस्थान में जनता द्वारा तिरस्कृत कांग्रेस दल के नेता को मंत्रीमंडल बनाने के लिए बुलाया गया तो माताओं और बहनों के माथे की रोलियां पुंछ गईं ।

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : धिक्कार ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : गैर-कांग्रेसी मंत्रीमंडल बनने से जनता प्रसन्न होती है और कांग्रेस को जब मंत्रीमंडल बनाने के लिए बुलाया जाता है तो जनता रुष्ट होती है । क्या यह परिवर्तन केवल विरोधी दलों ने कर दिया है ? अगर आप ऐसा समझते हैं तो अभी आप दीवार पर लिखे हुए को पूरी तरह से पढ़ने के लिए तैयार नहीं हैं ।

राजस्थान में जो कुछ हुआ है उसने चौथे चुनाव के बाद लोकतन्त्र की प्रक्रिया को जो बल मिला था उसको आघात पहुंचाया है । उसने लोकतन्त्र के ढांचे के लिए खतरा पैदा कर दिया है और उसके लिए यह मंत्रीमंडल निन्दा का अधिकारी है ।

भारत के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि राष्ट्रपति के सामने विधान सभा के सदस्यों को लाया गया हो और गिनती करके दिखाई गई हो कि बहुमत किसके साथ है ।

An hon. Member: They were under duress.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : कोई अपने दिल और दिमाग को दुरुस्त रख कर ऐसी बात नहीं कह सकता । मैं पूछना चाहता हूं कि अगर जैसा कि गृह मंत्री कहते हैं कि उन्हें संख्या से कोई सम्बन्ध नहीं है संख्या किधर ज्यादा है किधर कम है, इनको वह चिन्ता नहीं करते हैं . . . .

श्री यशवन्त राव चह्वाण : मैंने कभी नहीं कहा । संख्या के बारे में आप कह रहे थे मैंने नहीं कहा था ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : जब विरोधी दल के सदस्य राष्ट्रपति जी के सामने आए और हमने कहा देख लीजिए 93 सदस्य हैं तो आपने कहा था कि 93 हैं या कितने हैं, इससे हमारा मतलब नहीं है और आपने राष्ट्रपति शासन इसलिए लागू किया है कि वहां शान्ति और व्यवस्था का सवाल है . . . .

श्री यशवन्त राव चह्वाण : सही बात है ।

Since you were quoting me, I only wanted to make my position clear. I said, who has got what number of people is a matter for the Governor to consider. It is not for the Government of India to consider I was merely making a reference to the constitutional aspect of it. I was not expressing any view on the merits of the matter.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अच्छी बात है कि गृह मंत्री जी ने यह मुद्दा कह दिया कि बहुमत किसके साथ है और किसके साथ नहीं है, इसका निर्णय राज्यपाल करेंगे । लेकिन अगर राज्यपाल निर्णय करने में गलती कर दें तो उसकी अपील कहां है . . . .

श्री यशवन्त राव चह्वाण : सदन के पास ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सदन की बैठक नहीं होने दी गई ।

श्री यशवन्त राव चह्वाण : शान्ति पैदा करे तब हो ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : परस्पर विरोधी बातें कही जा रही हैं । मैं एक दूसरी चीज कहना चाहता हू । राजस्थान मे जो कुछ हुआ है वह किसी अन्य प्रदेश मे भी हो सकता है । जिस तरह से राज्यपाल नियुक्त किये गये हैं, मैं उसमे जाना नही चाहता हू । लेकिन राज्यपाल गलती कर सकता है । तब क्या केन्द्रीय सरकार का काम है आख मूद कर राज्यपाल के निर्णय को पुष्ट करना । यदि ऐसी बात है तो फिर जनता के सामने रास्ता कौन सा रहेगा ?

मैंने सविधान देखा है और मैं चाहूगा कि सविधान इस दिशा मे सुधारा जाए । हम राष्ट्रपति पर अभियोग लगा सकते है, राष्ट्रपति को इम्पीच कर सकते हैं लेकिन राज्यपाल को इम्पीच करने की कोई व्यवस्था नही है ।

एक माननीय सदस्य . वह डिसमिस होंगे ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी आखिर जनता के लिए कौनसा रास्ता है । विधान सभा भग कर दी जाएगी । केन्द्र राज्यपाल की सलाह पर लोकतन्त्रिक प्रक्रियाओ को समाप्त कर देगा लेकिन यह सदन किसी राज्यपाल के विरुद्ध अभियोग नही लगा सकता है । इस दिशा मे सविधान मे सशोधन करना जरूरी है ।

मैं इस बात से भी सहमत नही हू कि राज्यपाल की जो भी रिपोर्ट आई और उस रिपोर्ट के आधार पर केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रपति के सामने जो सिफारिश रखी राष्ट्रपति महोदय के पास उस सिफारिश को मानने के अलावा और कोई चारा नहीं था । सविधान की धाराओ की मेरी यह व्याख्या नही है । मैंने विधि विशेषज्ञो को भी इस सम्बन्ध में अपनी राय प्रकट करने के लिए कहा और अनेक विधि विशेषज्ञ ऐसे हैं जो इस मत के हैं कि इन मामलों में राष्ट्रपति को केवल केन्द्रीय सरकार की नीति पर चलने की आवश्यकता नही है, वह स्व-विवेक से भी काम ले सकते हैं, अपने डिस्क्रीसन से भी काम ले सकते हैं । मुझे खेद है कि राष्ट्रपति महोदय ने राजस्थान के मामले मे स्व-विवेक से काम नही लिया और यदि स्व-विवेक से काम लिया —मेरी जानकारी नही, लेकिन अगर लिया— तो उन से ऐसा निर्णय हुआ जिस निर्णय से सविधान की मर्यादाओ की रक्षा नहीं हुई ।

अभी समय है राजस्थान मे लोकतन्त्र के चक्र को पीछे घुमाने की जो कार्यवाही की गई है उसे रोका जा सकता है । क्या राजस्थान मे शान्ति नही है ? क्या केन्द्रीय सरकार वहा मरघट की शाति चाहती है ? इस देश मे मरघट की शाति पैदा नही होने दी जायेगी । अगर सविधान की हत्या की जायेगी, अगर केन्द्रीय सरकार लोकतत्र का गला घोटने पर उतारू है, तो शान्तिपूर्ण तरीको मे अपनी पूरी निष्ठा रखते हुए भी हम इस अन्याय के खिलाफ लडेंगे । हम नही चाहते कि यह मामला सडको पर तय हो । लेकिन आम आदमी से इतना ही काफी नही है । आम आदमी को यह कहना भी जरूरी है कि उसे सडको पर निकलने की नौबत ही नही आने दी जायेगी ।

अगर राजस्थान मे विरोधी दलों को सरकार बनाने के लिए बुला लिया जाता, तो क्या बिगड जाता ? कहा जाता है कि अगर विरोधी दल चाहते तो वे विधान सभा मे शक्ति-परीक्षा कर सकते थे । तो क्या श्री सुखाडिया विधान सभा में शक्ति-परीक्षा नही कर सकते थे । जो बात विरोधी दलो पर लागू होती है, क्या वह श्री सुखाड़िया पर लागू नहीं होती

है ? जो बात हम पर लागू होती है ? क्या वह कांग्रेस पर लागू नहीं होती है ? लेकिन श्री सुखाड़िया को समय दिया गया लोगों को तोड़ने और अपनी ओर फोड़ने का ।

निर्दलीय सदस्यों के बारे में निर्णय देने के लिये राज्यपाल को बारह दिन लगे । अगर "सिंगल लार्जेस्ट पार्टी" के नाते कांग्रेस को बुलाना था, तो चुनाव-परिणाम के तुरन्त बाद बुला सकते थे । राज्यपाल बारह दिन क्या करते रहे ? क्या "इंडिपैंडेंट्स नाट टु बि काउंटिड" इस नतीजे पर पहुंचने के लिये उन्हें बारह दिन लगे थे ? या वह भविष्य की चिन्ता कर रहे थे, तारो की तरफ देख रहे थे, ज्योतिषियों से विचार विनिमय कर रहे थे ? जो कुछ राजस्थान मे हुआ, वह अच्छा नही हुआ । उसे ठीक किया जाना चाहिए ।

श्री यशवन्त राव चव्हाण : हम भी नहीं समझते कि अच्छा हुआ । हम भी नाराज हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आप गलत काम भी करते है और नाराज भी है । जो कुछ किया, आपने किया । अभी भी उसे बदलने का मौका है । राजस्थान मे शांति है । क्या गृह मंत्री स्वयं जाकर देखेंगे कि राजस्थान मे क्या स्थिति है ? लेकिन यह शान्ति ज्यादा दिन रहेगी, ऐसा समझ कर वह न चले । शायद वह इसी के भरोसे बैठे हैं । (*Interruptions*).

राजस्थान की विधान सभा का बहुमत दिल्ली आया था, राष्ट्रपति के सामने उपस्थित हुआ था । वहा पर बहुमत किसके साथ है, यह प्रकट हो गया है । जो एक बहाना लिया गया था बहुमत की सरकार को न बनने देने का और अल्पमत की सरकार को थोपने का, वह बहाना, यानी शान्ति और व्यवस्था का बहाना भी अब नही है । हो सकता है कि राज्यपाल महोदय न मानते हों । लेकिन केन्द्रीय सरकार को इस सम्बन्ध में स्वतंत्र रीति से मत निश्चित करना होगा और अगर राज्यपाल महोदय संविधान के अन्तर्गत निर्धारित अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए तैयार नही हैं, तो उन्हें राजस्थान से हटाना होगा ।

नये राज्यपालो की नियुक्ति करते समय केन्द्रीय सरकार इस बात को ध्यान मे रखे कि 1967 के चुनावो के बाद राज्यो की परिस्थिति बदल गई है । कई राज्यो में गैर-कांग्रेसी मंत्री-मंडल काम कर रहे है । कांग्रेस के दलीय स्वार्थों की पूर्ति करने वाले व्यक्ति राज्यपाल पद पर नियुक्त नही किये जाने चाहिए । अगर किये गये, तो प्रधान मंत्री के इन आश्वासनों की कोई कीमत नही होगी कि हम राज्यो के साथ सम्बन्ध अच्छे रखना चाहते है । केवल घोषणा काफी नही है, आचरण होना चाहिए और राजस्थान मे जो आचरण हुआ है, उस से सभी गैर-कांग्रेसी दलो और मंत्री-मंडलों में एक संदेह पैदा हो गया है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर प्रदेश से आता हू । उत्तर प्रदेश में भी अगर राज्यपाल जनमत का समादर करते और विरोधी दलों के संयुक्त दल को मंत्री-मंडल बनाने के लिए निमंत्रण देते, तो उत्तर प्रदेश में संविधान की मर्यादा का पालन होता । लेकिन वहा भी कांग्रेस को मौका दिया गया । *Interruptions*). 425 सदस्यो के सदन मे 199 सीटें जीतने वाली कांग्रेस को निमंत्रण देने की क्या आवश्यकता है ? (*Interruptions*).

एक माननीय सदस्य : इस बारे में दो मापदंड नहीं हो सकते ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : दो मापदण्ड तो आप अपना रहे हैं । राजस्थान मे राज्यपाल ने इंडिपैंडेंट्स को नही जोड़ा और उत्तर प्रदेश मे इंडिपैंडेंट्स जोड़े जा रहे हैं ।

श्री ओंकार लाल बेरवा (कोटा) : हरियाणा को देख लीजिए ।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : सभापति महोदय, मुझे बहुत खुशी है कि श्री चन्द्रजीत यादव के फौरन बाद मुझे बोलने का आपने मौका दिया है। मैं भी उत्तर प्रदेश से तीसरी मर्तबा चुन कर आया हू। मैं समझता हू कि राजस्थान की परिस्थिति जो वहा के गवर्नर साहब ने बिगाडी है आज ठीक वैसी ही स्थिति उत्तर प्रदेश में भी हो सकती थी। लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ने और उत्तर प्रदेश के विरोधी दलो ने, उनके नेताओ ने, काफी संयम और धैर्य से काम लिया है। अगर खून की होली के बाद सरकार अपना फैसला बदल सकती है तो वह खून की होली उत्तर प्रदेश में भी खेली जा सकती थी, लेकिन खेली नही गई।

राजस्थान से 93 सदस्य जो यहां पर आए थे उनको मैंने भी देखा था और राष्ट्रपति जी ने भी उनका निरीक्षण किया था, उनसे बातचीत की थी। हमारे गृह मन्त्री जी भी उस समय वहा पर थे। मैं समझता हू कि आज प्रजातान्त्रिक उसूलो के आधार पर जो सरकार बनी है वह अपने आपको उन उसूलो के आधार पर चलायेगी। यह कह देना कि राष्ट्रपति जी के निरीक्षण के बाद भी हम अपने फैसले को नही बदलेगे किसी भी दृष्टि से सही नही है। जो कुछ राजस्थान मे हुआ है उसको किसी भी तरह से जस्टिफाई करना ठीक नही है। आखिर राजस्थान में हुआ क्या है ?

आज सुबह जब यह सवाल इस सदन में रखा गया था तो उस वक्त मैंने एक शब्द का प्रयोग किया था और अध्यक्ष महोदय ने कहा था कि मैं उसका प्रयोग न करू। मैंने "रेप आफ डेमोक्रेसी" शब्दो का प्रयोग किया था। हम रेप आफ डेमोक्रेसी की बात को सुना करते थे लेकिन मुझे मालूम नही था कि विरोधियों की तादाद रूलिंग पार्टी के सदस्यो की तादाद से ज्यादा होगी लेकिन फिर भी वहा पर चुने हुए नुमाइन्दो को मौका नही दिया जाएगा कि वे सरकार बनाये बल्कि वहा पर एक ऐसे व्यक्ति को बुला कर कहा जाएगा कि वह सरकार बनाये जिस का वहां पर बहुमत नही है और

जब वह सरकार बनाने में समर्थ न हों तो एक ऐसी परिस्थिति वहां पर उत्पन्न कर दी जाए कि केन्द्रीय हुकुमत अपने बाहुबल या बहुमत के आधार पर राष्ट्रपति जी को यह सलाह दे कि वह हस्तक्षेप करे। लेकिन ऐसा किया गया है। मैं समझता हूं कि इस से ज्यादा रेप आफ डेमोक्रेसी और कोई नही हो सकती है। 30 या 31 व्यक्तियों को मारा गया। मेरे मित्र महाराजा कर्णी सिंहजी ने कहा कि छोटे छोटे बच्चो के ऊपर गोली चलाई गई। छोटे छोटे बच्चो को, स्कूलो के विद्यार्थियों को जेल के सीखचो मे रखा गया। मैं नही समझता हूं कि यह इस सरकार के लिए कोई नई बात है। मै आपको बतलाना चाहता हू कि आज भी उत्तर प्रदेश में 13-13 14-14 साल के बच्चो के ऊपर भी दस दस मुकदमे चलाये जा रहे है। जिस भ्रष्टाचार के आधार पर, राजनीतिक रिश्वतखोरी के आधार पर उत्तर प्रदेश मे सरकार बनी है वह सरकार उन मुकदमो को वापिस लेगी, ऐसा मैं नही समझता हू। सरकार उनको सजा देने वाली है।

राष्ट्रपति जी ने राजस्थान के मामले मे जो हस्तक्षेप किया है, उसको लेकर यह कहा गया है कि सस्पेंड किया गया है, असेम्बली को भग नही किया गया है, उसे तो सस्पेंड किया गया है और सस्पेंशन तो अच्छी बात है। मैं समझता हू कि सभा के जिन सदस्यो ने कहा कि सस्पेंशन अच्छी चीज है अगर उनको दो दो महीने के लिए सस्पेंड कर दिया जाए तो उनको मालूम होगा कि सस्पैंडिड मैम्बर की क्या हालत होती है। हिन्दुस्तान के दो तिहाई प्रान्तो में आज कांग्रेसी शासन खत्म हो चुका है। मैं समझता हूं कि बिहार मे, केरल मे, बंगाल मे, मद्रास में, उड़ीसा आदि मे शायद कांग्रेसी सुबह उठ कर अपने बदन को नोच कर देखते होंगे कि वाकई में वे जिन्दा हैं या नही हैं। ऐसी हालत उनकी हो चुकी है। मैं कहना चाहता हूं कि इसी तरह से रेप आफ डेमोक्रेसी अगर चलता रहा हिन्दुस्तान में तो हमारे कांग्रेसी भाई सुन लें कि हो सकता है कि सन 1972 के चुनाव तो दूर है लेकिन उससे पहले ही शायद कांग्रेस का आखिरी जनाजा बिना कफन के मरघट मे चला जाए। और वह जाने वाला है। जो कुछ राजस्थान में हुआ है उसके सामने आपका सिर शर्म मे झुक जाना चाहिये। हमारी प्रधान मन्त्री जी ने आज कहा था कि यह सही फैसला है। मै उनकी इस बात को चुनौती देता हू। आप देखे कि उत्तर प्रदेश में आपने क्या किया है? वहा पर 198 कांग्रेसी सदस्य चुन कर आए। विरोध दल वालों की तरफ से 215 की लिस्ट गवर्नर साहब को दी गई लेकिन उनको वहा सरकार बनाने का मौका नही दिया गया। कांग्रेस को दे दिया गया। इसी वजह से बार बार हम कहते हैं कि गवर्नर कम से कम ऐसे व्यक्ति को बनाओ जो किसी दल से सम्बद्ध न हो। उसके बाद नेक राम शर्मा की बात आई। नेक राम शर्मा जी को हम नेक समझते थे। लेकिन बदकिस्मती देश की और उत्तर प्रदेश की कि वह नेक चाल चलनी में नही रहे और श्री सी० बी० गुप्त के अमर में आ गए, पुलिस की मदद से। पुलिस खडी हुई थी, पी० एम० सी० की लारियां खडी हुई थी और जब लोग पूछते थे कि क्या बात है तो कहा जाता था कि यह कांग्रेस में चले गये हैं। उस वक्त लखनऊ का नजारा देखने लायक था। नेक राम जी की हिफाजत कौन कर रहे थे? उनके वोटर नही, पुलिस की तरफ से—हो रही थी और पी० ए० सी० की लारिया वहां खड़ी हुई थी। जब लोग पूछते थे कि ये पुलिस को लेकर क्यो आए तो कहते थे कि नेक राम कांग्रेस मे चले गये है। ये तरीके मैम्बरों को खरीदने के वहा पर अपनाये गये हैं। मैं चाहता हू कि पूरी जाच हो, निष्पक्ष जाच हो, अदालती जाच हो कि जो 60 या 65 लाख रुपया, चोर बाजारी का पैसा चन्द्र

[श्री स० मो० बनर्जी]

भान गुप्त जी को उनकी वर्ष गांठ के अवसर पर दिया गया है, वह कहां और कैसे खर्च हुआ है। उसका आधा पैसा मैम्बरों को खरीदने के लिए खर्च किया गया है, पचास पचास और साठ साठ हजार रुपया दे कर मैम्बर खरीदे गए हैं। मैं एक आजाद उम्मीदवार हूं। लेकिन लानत है ऐसे आजाद उम्मीदवारों को जो वामपंथी मोर्चे की मदद से चुनाव जीत कर आए और कांग्रेस की गोद में चले गए। कुछ कांग्रेस की गोद में इसलिए चले गए कि उनको टिकट मिल जाएगा। कोई चुनाव के पहले और कोई चुनाव से साल भर पहले चले गए। हमारे चंद्र जीत यादव जी साल भर पहले चले गए। वह अक्लमन्द आदमी थे। कुछ लोग अभी चले गए।

श्री प्रेम चन्द्र वर्मा (हमीरपुर): वह बात वहां असैम्ली में कहिये।

श्री स० मो० बनर्जी: इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी को हस्तक्षेप करना चाहिये था। उत्तर प्रदेश की सरकार इस तरीके से क्यों बनी है? सेंट्रल गवर्नमेंट इस बारे में इन्टरवैंशन करने में नाकामयाब रही, उस ने हस्तक्षेप नहीं किया, जबकि वह इमर्जेन्सी के आधार पर कांस्टीट्यूशन की धारा के अनुसार गवर्नर को डायरेक्शन इस्यू कर सकती थी कि वहां पर किस तरीके से सरकार बने। उस ने ऐसा नहीं किया, क्योंकि वह समझती थी कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस का मरकज रहा है।

मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस की हुकूमत को, कांग्रेस की इमारत को विरोधी दल के लोग तोड़ रहे हैं, ऐसी बात नहीं है। कांग्रेस की 65 साला पुरानी पवित्र इमारत को, गांधी जी की इमारत को कौन तोड़ रहे हैं? मैं समझता हूं कि श्री बीजू पटनायक उस इमारत की छत को तोड़ रहे हैं और श्री सी० बी० गुप्त उस के लेहन को तोड़ रहे हैं और श्रीमती इंदिरा गांधी सीमेंट की बोरी ले कर सारे हिन्दुस्तान में घूम रही हैं कि उस इमारत की मरम्मत की जाये। लेकिन अब कांग्रेस खत्म हो चुकी है। अब तो उस का फ़ातिहा पढ़ने की जरूरत है, मर्सिया पढ़ने की जरूरत है।

एक माननीय सदस्य: आप को इस की क्या फिक्र है?

श्री स० मो० बनर्जी: मुझे इस लिए फ़िक्र है कि कि मैं हिन्दुस्तान का नागरिक हूं। अगर आप मुसीबत में हैं, तो आप की मदद करना मेरा फर्ज है।

एक माननीय सदस्य: कांग्रेस में आ जाइये।

श्री स० मो० बनर्जी: मुझे कांग्रेस में आने की जरूरत नहीं है। मैं तो इन लोगों पर तरस खाता हूं।

श्री रामसेवक यादव: कांग्रेस में महाराजा कश्मीर आयेंगे, महाराजा बड़ोदा आयेंगे। उस में गरीब आदमियों के लिए जगह कहां है?

श्री क० मा० तिवारी (बलिया): माननीय सदस्य स्वतंत्र उमीदवार के रूप में खड़े हुए थे और वह कम्यूनिस्ट पार्टी में शामिल हो गए हैं। उन को कितना रुपया मिला था?

श्री स० मो० बनर्जी: माननीय सदस्य अखबार तो पढ़ते होंगे। अगर वह अंग्रेजी नहीं समझते, तो वह हिन्दी के अखबार पढ़ें। मैं कम्युनिस्ट ब्लाक में बैठूं या सोशलिस्ट ब्लाक में, लेकिन 1947 के बाद मैं खद्दर पहन कर बेईमानी करने के लिए तैयार नहीं हूं। मैं खद्दर उस वक्त पहनता था, जब खद्दर पहनने वालों पर लाठियां चलती थीं। जब से उन को परमिट मिलने लगा है मैं ने खद्दर पहनना छोड़ दिया है।

मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में जो राजनीतिक करप्शन हुआ है जो राजनीतिक लाइबरी और रिश्वतखोरी हुई है सेंटर की एक टीम, पार्लियामेंट के मेम्बरों का एक कमीशन, उस की एन्क्वायरी करे। जहां तक राजस्थान का सम्बन्ध है विधान सभा में जिन दलों के पक्ष में 93 सदस्य हैं उन को सरकार बनाने का अवसर देना चाहिए। सुखाड़िया साहब को वहां पर सरकार बनाने का कोई हक़ नहीं है। मैं महाराजा बीकानेर के इस सुझाव से पूरी तरह सहमत हूं कि राजस्थान में सुखाड़िया राज में हुए करप्शन की जांच करने के लिए एक कमेटी बनाई जाये।

मैं आशा करता हूं कि इस अविश्वास-प्रस्ताव पर बहस ख़त्म होने से पहले प्रधान मंत्री यहां आ कर यह एलान करेंगी कि राजस्थान में राष्ट्रपति जी ने वहां पर अपने शासन को रिवोक कर दिया है और वहां पर अब जनतांत्रिक सरकार बनेगी जो कि विरोधी दलों की सरकार होगी।

इन शब्दों के साथ मैं इस अविश्वास-प्रस्ताव का पूरी तरह से समर्थन करता हूं।

श्री पहाड़िया (हिंडौन): सभापति महोदय, लोक सभा का विधिवत् कार्य प्रारम्भ होने पर ही विरोधी दलों द्वारा केन्द्रीय सरकार में अविश्वास-प्रस्ताव लाया गया है। इस प्रस्ताव की मूल भावना इस के प्रस्तावक श्री बाजपेयी जी के भाषण से झलकती है जो कि जनसंघ के एक बहुत बड़े नेता हैं। उन्होंने अपने भाषण में राजस्थान के अलावा और किसी विषय के बारे में कुछ नहीं कहा। उस से ऐसा लगता है कि श्री बाजपेयी की नज़र अब पूरी तरह से राजस्थान की ओर लगी हुई है। शायद उन को इस बात का विश्वास हो गया है कि हमारे उन साथियों के सहयोग से जो थोड़े दिन पहले ही हम से पृथक हुए हैं राजस्थान की सत्ता जनसंघ के हाथ में आ जावेगी। चुनावों से पहले माननीय श्री बाजपेयी और उन के दल के अन्य उम्मीदवारों ने राजस्थान के बारे में क्या क्या कहा था, क्या क्या आशायें प्रकट की थी मैं उन्हें उस की याद दिलाना नहीं चाहूंगा:

एक माननीय सदस्य: दिला दीजिए।

श्री पहाड़िया: उन को याद आ गया होगा।

राजस्थान की घटनाओं के सम्बन्ध में स्वयं उन्होंने जो कुछ कहा है मैं उसी को ले कर बोलूंगा। सब से पहली बात उन्होंने यह कही कि भारत मे केन्द्रीय सरकार के प्रथम मंत्री-मंडल ने सब से पहला फ़ैसला राजस्थान में राष्ट्रपति का शासन लागू करने के बारे मे किया। उन का सारा भाषण इसी बात के इर्द-गिर्द घूमता रहा। उन्होंने अपने भाषण मे इस बात की कोई चर्चा नहीं की कि ऐसे हालात क्यों पैदा हुए जिससे राजस्थान के राज्यपाल को केन्द्रीय सरकार को वहां पर राष्ट्रपति का शासन लागू करने के लिए कहना पड़ा। उन्होंने इस बात का भी कोई जिक्र नहीं किया कि राजस्थान की जनता की क्या भावनाये थी।उन्होने हवाला दिया केवल जयपुर के एक शहर का। मैं मानता हूं कि जयपुर शहर राजस्थान की राजधानी है। मैं इस बात का भी जिक्र नहीं करता कि जयपुर मे हम विधान सभा की चारों सीटें हार गए।

श्री ओंकार लाल बेरवा: कोटा में क्या हुआ?

श्री पहाड़िया: जो कुछ हंगामे हुए जो कुछ हुल्लड़ हुए.....

श्री रामसेवक यादव: क्या माननीय सदस्य मन से बोल रहे हैं?

श्री पहाड़िया: यह तो माननीय सदस्य अपने मन से पूछें।

श्री रामसेवक यादव: वह जो कुछ बाहर कहा करते हैं उस को क्यों नहीं कहते?

श्री पहाड़िया : माननीय सदस्य ने उन सब बातों का हवाला देते हुए यह प्रकट करने की कोशिश की कि राजस्थान में जो कुछ हुआ वह गैर-कानूनी तरीके से और असंवैधानिक ढंग से हुआ। जो कुछ नहीं कहना चाहिए था वह भी उन्होंने राजस्थान के राज्यपाल के बारे में कहा। उन्होंने राज्यपाल पर पक्षपात का आरोप लगाया और यह आरोप भी लगाया कि शायद उन की इतनी काबलियत नहीं है कि वह राजस्थान के राज्यपाल रह सकें। वह इस से भी आगे बढ गए और उन्होंने राज्यपाल को उन के पद पद से हटाने की बात कह डाली। मैं उन तर्कों में नहीं जाना चाहता हूं। राजस्थान का राज्यपाल या किसी दूसरे प्रदेश का राज्यपाल किस तरह से हटाया जाना चाहिए और किस तरह से नियुक्त किया जाना चाहिए वह एक अलग सवाल है लेकिन उन्होंने यह कहा कि राज्यपाल का निर्णय पक्षपातपूर्ण था। उन्होंने यह भी बताने की कोशिश की कि विरोधी दलो के पास बहुत बड़ा बहुमत था और इस लिए संयुक्त दल को सरकार बनाने का मौका देना चाहिए था।

मैं निवेदन करना चाहता हू कि श्री बाजपेयी अखबार तो मुझ से ज्यादा पढ़ते होंगे और राजस्थान के जनसघ के लोगो की ओर से उन को सूचना भी उपलब्ध होती होगी। जो माननीय सदस्य कोटा से चुन कर आए हैं मैं उन को भी कुछ आकडे बताना चाहता हू।

श्री ओंकार लाल बेरवा : 18 सीटो मे से हम ने 16 जीती हैं और दो हारी हैं।

श्री पहाड़िया : माननीय सदस्य यह भी याद करे कि कौन जीता है।

इस समय राजस्थान की विधान सभा मे 184 सीटे है जिन मे से 89 सीटें राजस्थान की जनता ने स्पष्ट तौर पर काग्रेस को दीं। उन मे से एक सदस्य ऐसे हैं जिन्होंने दो सीटो से चुनाव लड़ा था और जो दोनो पर जीत गए। वहां पर कुछ विरोधी दलों ने इस बात की कोशिश की कि पुराने सामन्ती तत्वों की सहायता से राजस्थान में सत्ता को हथिया लें। उनकी जो सबसे बड़ी नेत्री हैं उनका बहुत बड़ा ग्लैमर न केवल इस हाउस में है बल्कि बाहर भी है। उन का बहुत बड़ा प्रभाव न केवल राजस्थान मे है, न केवल हिन्दुस्तान में है बल्कि ऐसा लगता है कि शायद वह दुनिया के राजनीतिक पटल पर छा रही हैं। मैं महारानी गायत्री देवी की बात कर रहा हूं। वह जयपुर की महारानी है, राजस्थान की महारानी नही। उन्होने जयपुर से लोक सभा और विधान सभा के चुनाव लडे। वह विधान सभा के चुनाव मे नौ हजार वोटो मे हारी। यह परिणाम चुनाव आयोग ने घोषित किया है। इस पर भी माननीय सदस्य इस को कुबूल करे या न करे, यह मेरे बस की बात नही है। वोटो की गिनती गिनी गई है। उस मे जाहिर होता है। इसलिए उनका कितना असर राजस्थान के अन्दर है जयपुर शहर के बाहर, जयपुर की भतूर्व रियासत के बाहर है, इसका पता इसी बात मे लग जाता है।

तो श्रीमन, मै निवेदन कर रहा था 184 म 79 सीटे काग्रेस को मिली। 49 सीटे स्वतन्त्र पार्टी को मिली, 22 सीटें जनसघ को मिली और 8 सीटे समोपा को को मिली। वह आठ सीटे भी किस तरह से मिली? यादव साहब बहुत कह रहे है, माफ कीजिएगा, कहना नही चाहता था, जरा कुछ तो साचा करो, महाराजा भरतपुर का सहयोग आपको प्राप्त न होता तो आपको कितनी सीटे मिलती यह आप अन्दाजा लगा लो। 15 सीटे निर्दलीय को मिली। निर्दलीय सदस्यो के बारे मे एक कट्रोवर्सी पैदा हुई है। उन के बारे मे मैं कुछ निवेदन नही करना चाहता। वह 15 निर्दलीय कौन है? 22 जनसघ के कौन है? 49 स्वतन्त्र पार्टी के कौन है? अगर वहा बैठे हुए नेता अपने दिल पर हाथ

रखकर टटोलें, अपने दिमागों को राजस्थान में दौड़ायें तो पता लग जायगा ।

मैं कहना नहीं चाहता पर वह सब कांग्रेस की जूठन हैं जिन को हमने टिकट नहीं दिया, जिनको हमने आउटराइट रिजेक्ट कर दिया, किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप, किसी के खिलाफ रिश्वत के आरोप, रिश्वत में पकड़े जाने के आरोप, रंगे हाथ पकड़े गए, वह हमारे पास आये, हम ने उनको रिजेक्ट कर दिया तो वह इन को मिले और इन्होंने उनको खड़ा कर दिया । श्रीमन, मैं मानता हू कि राजस्थान की जनता ने जो फैसला किया है वह हमसे छिपा हुआ नहीं है । लेकिन इसके साथ साथ मैं वाजपेयी जी का याद दिलाना चाहता हू कि जितने प्रतिशत मत राजस्थान में कांग्रेस को 1962 में मिले थे, उससे दो प्रतिशत ज्यादा इस बार मिले है । पहले 40 प्रतिशत मिले थे, अब 42 प्रतिशत मिले हैं

श्री ओंकार लाल बेरवा झूठ, सफेद झूठ । (व्यवधान) 37 प्रतिशत कांग्रेस को मिले है और 42 प्रतिशत हम को मिले है ।

श्री पहाड़िया : बहुत अच्छी बात है । आप अपनी बात कहिएगा जब आपको मौका मिले ।

तो यह आकड़े इस बात का साबित करते हैं कि राजस्थान की जनता जयपुर में नहीं रहती मेरा तर्क यह था कि हंगामा जो हुआ वह जयपुर में हुआ । वाजपेयी जी ने जो हवाला दिया वह जयपुर का दिया है । मैं ने निवेदन किया कि जयपुर शहर एक शहर है राजस्थान का, राजस्थान की राजधानी है। राजस्थान नहीं है। इसलिए जयपुर के अन्दर जो कुछ होता है वह राजस्थान की जनता का काम नहीं कहा जा सकता । और मैं आपको यह भी बताना चाहता हू कि जयपुर शहर जिसकी आबादी पाच लाख है उस के अन्दर जयपुर के मूल निवासी 2 लाख है । (व्यवधान) बाकी जयपुर की चहारदिवारी के बाहर जो लोग रहते हैं जो कि सर्विसेज में काम करते है, जो कि विद्यार्थी कालेजों में पढते है या जो ईंट फैक्टरी में मजदूर काम करते हैं आज तक किसी आन्दोलन में उन भाइयों की मदद न जनसघ को मिली, न स्वतत्र पार्टी को मिली । (व्यवधान) जो लोग आये वह जयपुर के भूतपूर्व राजघराने के प्रभाव में प्रभावित हो कर, उन के प्रभाव में आकर आये और मैं यह कहना चाहता हू बहुत निश्चित रूप से, आप को बुरा लगे तो लगे, आप कहिए तो मैं सबूत दे सकता हू, एक नहीं हजार आदमी पेश कर सकता हू, हजार मैं जानबूझ कर कह रहा हू, मैं सौ नहीं कह रहा हू, हजार आदमी मैं पेश कर सकता हू जिन को पाच पाच रुपये दिए गये इस बात के कि वह उनके जलूस में शामिल हों । (व्यवधान)

श्री ओंकारलाल बेरवा : झूठ, सफेद झूठ ।

श्री पहाड़िया : जिन से आपका कोई ताल्लुक नहीं (व्यवधान)
आप को शर्म आनी चाहिए कि जिस तरह तरह से आपने कार्यवाही की

Shri Tenneti Viswanatham (Visakhapatnam) On a point of order, Sir, the hon Member is speaking something and I hear the translation. But the interruptions are not translated and I am not able to follow the trend of the discussion

श्री पहाड़िया : मैं निवेदन कर रहा था कि राजस्थान में जो कुछ हुआ वह राजस्थान में नहीं हुआ वह केवल जयपुर शहर के अन्दर हुआ ।

दूसरा निवेदन मैं यह करना चाहता हू कि वह ऊधमगर्दी जो जयपुर शहर के अन्दर हुई वह सारे राजस्थान में भड़कने

[श्री पहाड़िया]

वाली थी। मैं माननीय गृह मंत्री से निवेदन करना चाहूंगा कि वह इस स्थिति को यहां पर साफ करें कि 7 तारीख को जो गोलीकाड हुआ उसके बाद क्या उन के पास इस बात के समाचार नही हैं कि विरोधी दल के राजस्थान के बहुत जिम्मेदार एक नेता ने जयपुर मे बैठ कर के उन की पार्टी के हेडक्वार्टर से राजस्थान की सब ब्राचो को इस बात के तार दिये कि 14 तारीख को या तो वैधानिक तरीके से सत्ता हमारे पास आती है अन्यथा राजस्थान की विधान सभा के अन्दर खून खराबी की जाय, कांग्रेस के लोगो को मारा जाय और जैसे भी हो सत्ता को हथियाया जाय । श्रीमन, मैं गृह मन्त्री महोदय से निवेदन करना चाहता हू कि आपके मार्फत कि वह इस स्थिति को साफ करे। एक बात और कहना चाहूगा ।

उसमे उन्होने कहा है कि विरोधी दल के सदस्यों को मिलाकर के हमने इस बात की कोशिश की थी । हमने तो कोशिश की थी, हमारे ही सदस्य थे, किसी वजह से आपके पास चले गये, उस की वजह से। लेकिन मैं जानना चाहता हू कि राजस्थान मे जनतन्त्र की हत्या कौन कर रहा है ? महाराजा साहब करनी सिह जी जिन की मैं बहुत इज्जत करता हू उन्होने भी इस बात का बहुत खुलासा करने की कोशिश की लेकिन मैं उन से पूछना चाहता हू कि क्या वह जनतंत्र है कि जब कि जयपुर के पास कानोता के फोर्ट मे राजस्थान विधान सभा के चुने हुए सदस्यो को कैदी की तरह से बन्द रखा जाय ? ..... (व्यवधान) ... .जबकि कोई विधान सभा का चुना हुआ सदस्य अपने घर वालों से मिलने के लिए भी जाय या कोई अपने चुनाव का हिसाब किताब पेश करने भी जाय तो उस राजस्थान विधान सभा के चुने हुए सदस्य के साथ चार चार गोली वाले, बन्दूक वाले, आगे पीछे बैठे हैं ? उन को इस बात की धमकी दी गई कि अगर आपने कांग्रेस का साथ दिया तो हम न केवल आपकी जान ले लेंगे बल्कि आपके बच्चों को कत्ल कर देंगे, आपके रिश्तेदारों को कत्ल कर देंगे। अगर यह बात गलत है तो मैं पूछना चाहता हूं कि कानोता के फोर्ट के अन्दर दो हफ्ते से भी अधिक राजस्थान विधान सभा के उन सदस्यो को क्यो बन्द रखा गया। अगर बन्द नही रखा गया था तो आप इस बात मे इनकार कर दीजिए। क्या यह बात गलत है कि अगर उनका कोई रिश्तेदार, भाई या लडका या उन की औरत भी उनसे मिलना चाहती थी तो उनको भी आख पर पट्टी बाध कर जयपुर शहर से ले जाया जाता था। पट्टी जयपुर शहर मे बाधी जाती थी और पट्टी बाध कर के कार मे बिठाकर जयपुर से आठ दस मील की दूरी पर कानोता के फोर्ट मे ले जाया जाता था। और फिर मिलने के बाद वही पट्टी बाध दी जाती थी फिर कार मे बिठाकर जयपुर लाया जाता था। श्रीमन्, यह कौन सा प्रजातंत्र है? (व्यवधान) .. मेरे दो तीन नजदीकी रिश्तेदार राजस्थान विधान सभा के सदस्य चुने गये है। मै उनसे मिलने की कोशिश कर रहा हू लेकिन आज तक उनसे मिलने नही दिया जा रहा है। (व्यवधान) . . अगर वह यह कहते है कि राजस्थान की जनता के प्रतिनिधि कांग्रेस की सरकार नही बनाना चाहते, उनको पहले छोडो, जरा छुट्टी दे दो, उन को जरा घर जाने दो . (व्यवधान)

श्री जार्ज फर्नांडीज : (दक्षिण बम्बई) : 93 मेम्बर राष्ट्रपति के यहा हाजिर थे.

श्री पहाड़िया : 93 मेम्बर राजस्थान विधान सभा के राष्ट्रपति के यहा जो हाजिर थे, उनके बारे मे गृह मत्री महोदय ने बहुत कुछ कह दिया कि उन्होंने कोई गिनती नही गिनी थी कि कितने लोग थे, उनसे पूछा भी नही गया था कि वह राजस्थान विधान सभा के सदस्य हैं या नही ? किसी भी व्यक्ति को इस तरह हाकर खड़ा कर दिया जाय,

उन से कुछ सवाल पूछ लिया जाय, उन की राष्ट्रपति के साथ फोटो खिचवा दी जाय, इस बात को हम कबूल नही कर सकते। इसका भी कोई वैधानिक तरीका है। राज्यपाल का शासन, राष्ट्रपति का शासन राजस्थान के अन्दर है। अगर इसको चुनौती देना चाहते थे तो हमने सरकार बनाना मजूर किया था। हमारे नेता ने कहा था कि हम सरकार बनायेंगे और उस को फेस करेंगे। उन को इसका मौका क्यो नही दिया ? क्योकि इस बात का खतरा था कि अगर हमने उन सदस्यों को छोड़ दिया तो निश्चित रूप से वह कांग्रेस के साथ जायेंगे और विरोधी दलो का वह सपना जिसको वह खून खराबी से पूरा करना चाहते है वह पूरा नही हो सकेगा। इसलिए उन्होंने उन को छूट नही दी। मै निवेदन करना चाहता हूं . . .

श्री कंवर लाल गुप्ता . मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है कि सदस्य महोदय को वाइल्ड एलीगेशन लगा रहे है, मै यह चाहता हू उन्होने होम मिनिस्टर को रेफर किया है, या तो होम मिनिस्टर साहब कहे कि उन्होंने आदमी नही गिने जैसा कि उन्होने कहा है और उन्होने यह भी कहा है कि उनको कत्ल करने की धमकी दी गई, अगर कत्ल करने की धमकी दी गई तो क्या यह उनसे कहलवाने को तैयार है ? अगर इसको साबित करने के लिए तैयार हैं तो होम मिनिस्टर साहब कहे।

16 hrs.

श्री पहाड़िया : मैं एक बात और निवेदन करना चाहूगा कि राजस्थान की जो स्थिति है उस से शायद इस सदन के सारे लोग परिचित नही है। आज विरोधी दलों के द्वारा यह कहा जा रहा है कि राजस्थान की स्थिति सामान्य है, मैं भी कहता हूं कि आज के दिन राजस्थान की स्थिति सामान्य है, लेकिन क्या वह स्थिति सामान्य रहेगी ? जब कि हम इस बात की फिर कोशिश करेंगे कि किसी भी दल को चाहे वह कांग्रेस दल हो, चाहे संयुक्त विरोधी दल हो, उनको सरकार बनाने का मौका दिया जाय, इस बात का सबूत उनकी इस भावना में ही लगता है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय 4 मार्च को जब कांग्रेस दल के नेता श्री सुखाडिया को सरकार बनाने के लिये आमन्त्रित किया तो उनकी भावना भड़क उठी, जनता नही भड़की थी, संयुक्त दल भड़का था, उन मे कम्युनिस्ट, सोशलिस्ट, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी आपके साथ बैठी थी, जनसघ के साथ और दूसरी पार्टी जिसका नाम मैं लेना नही चाहता, वह कोई पार्टी नही है, अगर आपको कोई तसल्ली होती, अगर आप कुछ तसल्ली रख लेते, राजस्थान की विधान सभा चल जाती, अध्यक्ष का चुनाव वहा पर हो जाता तो उससे साफ हो जाता कि किसका वहा पर बहुमत है और किसका अल्पमत है. लेकिन आपने इन्तजार नही किया। इस बात का सबूत हम आपको देना चाहेगे और हम इस बात की मांग करते हैं कि इसकी इन्क्वायरी होनी चाहिये, चाहे हाई कोर्ट के जज द्वारा या सुप्रीम कोर्ट के जज द्वारा, कि क्या इस बात का खण्डन किया जा सकता है कि उनकी इस बात की योजना थी कि वहा की सत्ता को इस प्रकार से हथिया लिया जाय तथा वहा की जनता को भड़का दिया जाय, किस तरह से वहा पर गोली चली, किस तरह से वहा पर पुलिस वालो को तग किया गया। वहा पर धारा 144 क्यो हटाई गई, श्रीमन, धारा 144 वहा की विरोधी दल की नेत्री महारानी गायत्री देवी के आश्वासन पर हटाई गई, उन्होने यह आश्वासन दिया कि वह जयपुर जायेंगी, जयपुर की जनता से अपील करेगी कि शान्ति रखी जाये, लेकिन जैसे ही धारा 144 हटाई गई, नतीजा यह निकला कि पुलिसवालों पर पत्थर फेंके गये, पुलिस वालो पर गोलिया चलाई गई और मैं निवेदन करना चाहता हूं कि जिस पुलिस ने गोली चलाई, जिनकी वे बात करते है, वह पुलिस राजस्थान की पुलिस नही थी, वह यू० पी० की पुलिस थी। यू० पी० की पुलिस के चारो तरफ घेरा डाल दिया गया, वे सिपाही जो

[श्री पहाड़िया]

जयपुर शहर से परिचित नहीं थे, उन के ऊपर किसी व्यक्ति ने, पुलिस के सिपाही पर किसी व्यक्ति ने, मुझे शक है कि राजनीतिक दल के किसी नेता ने, किसी कार्यकर्ता ने, पुलिस के सिपाही पर गोली चलाई और तब उनको अपनी आत्मरक्षा के लिये गोली चलानी पड़ी । ऐसी स्थिति में जब भीड़ की तरफ से पथराव हो रहा हो, जब भीड़ की तरफ से गोली चलाई जा रही हो, जब इस बात का पूरा खतरा हो कि किसी भी समय न केवल जयपुर शहर बल्कि राजस्थान की स्थिति बिगड़ सकती है, उस समय पुलिस के पास क्या चारा था कि गोली न चलाती, ऐसी स्थिति होने के बावजूद भी किसी भी दल के नेता ने शान्ति की अपील नहीं की । सब दलों के नेता वहां पर मौजूद थे, सब ने इस बात की कोशिश की कि शान्ति भंग होनी चाहिये, बराबर खतरा बना रहना चाहिये, क्योंकि वे राजस्थान की जनता को इस बात के लिये उकसाना चाहते थे कि राजस्थान में अगर कांग्रेस की सरकार बनेगी तो हम दोबारा नहीं आ सकेंगे, 10 साल के लिये धुल जायेंगे । और प्रान्तों में जब गैर-कांग्रेसी सरकारें बनीं तो दीपक जलाये गये, लेकिन दीपक तो उसी समय बुझ गया जब आपकी कोशिशें नाकामयाब हो गईं । जब नाकामयाब हो गये, तब इस बात की कोशिश की कि प्रजातन्त्र का तरीका नहीं चलता तो हुममामे से सरकार बननी चाहिये, लेकिन इस तरह से सरकार नहीं बनेगी । हमने आपको कई प्रान्तों में मौका दिया है, अगर हमारी नीयत खराब होती तो बिहार में क्यों देते, बंगाल में मौका दिया, केरल और मद्रास में मौका दिया गया . . .

श्री रामसेवक यादव : नहीं दिया गया ।

श्री पहाड़िया : ऐसी स्थिति में इस खून-खराबी से डर कर, इस खतरे से डर कर कि अगर विरोधी पार्टियों को इस बात का मौका दिया गया कि वे सरकार को हथिया लें, तो हमारे लिये बड़ी मुश्किल हो जायेगी, हिन्दुस्तान की जनता बड़ी परेशानी में पड़ जायेगी, वहां पर राष्ट्रपति का शासन लागू किया गया ।

इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान की स्थिति सामान्य नहीं है, वहां पर राष्ट्रपति का जो शासन लागू किया गया है, वह कुछ समय तक जारी रहना चाहिये और उसे जारी रखना चाहिये जब तक वहां पर पूरी शान्ति न हो जाय ।

श्री शिवचन्द्र झा (मधुबनी) सभापति जी राजस्थान में जो राष्ट्रपति का शासन लागू किया गया है यह भारतीय जनतन्त्र के लिये बहुत घातक है । पहली बात तो यह है कि राजस्थान में जो फिजा पैदा हुई है हमें इस पर गौर करना है । वह फिजा कांग्रेस की जो हुकूमत सारे हिन्दुस्तान में अब तक रही है उसकी वजह से है । वह फिजा वहां पैदा हुई और वहां की जनता ने कांग्रेस को वहां से हटाया और उसमें उनकी उतनी ताकत न हो पाई कि वह बहुमत में आ सके । जब दूसरे लोग जीते और उनका बहुमत हुआ, न केवल राजस्थान में बल्कि मोटे तौर पर सारे हिन्दुस्तान में जब विरोधी दल मजबूत हो रहा था, तो राजस्थान के राज्यपाल का यह फर्ज था कि वे विरोधी दल को मौका देते और हुकूमत बनाने के लिये उनको आमन्त्रित करते । लेकिन ऐसा न करके उन्होंने कांग्रेस को बुलाया और फिर जब कांग्रेस पार्टी हुकूमत बनाने में असमर्थ रही तो राष्ट्रपति का शासन वहां पर लागू कर दिया गया ।

यह राष्ट्रपति के शासन को लागू करने का जो यह लालच है यह एक खराब लालच है जिस जल्दबाजी में आप इसको लागू करते हैं, एक इलाके में, दूसरे इलाके में, तीसरे इलाके में, तो हो सकता है कि सारे हिन्दुस्तान में जनतन्त्र को खत्म करने के लिये भी एक दिन आप सख्त कदम उठा लेंगे ।

इसलिये, सभापति जी, मैं कहना चाहता हूं कि यह जो राष्ट्रपति का शासन लाग किया गया है यह भारत के विकास के खिलाफ है भारत के जनतन्त्र के खिलाफ है और अभी भी कोई देरी नही हुई है यदि इसको हटा दिया जाय और विरोधी दल को वहा पर हुकूमत बनाने के लिये मौका दिया जाय तो वह देश के हित मे होगा ।

इस वक्त मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हू ।

श्री भोला नाथ मास्टर (अलवर) सभापति महोदय मैं राजस्थान से आया हू और कुछ समय के लिये अस्पताल मे भी था । मैंने देखा कि जो सख्या यहा पर बताई गई है जिसमे करीब 35 मृत सख्या का इन्होने जिक्र किया है यह बिल्कुल गलत बात है । इतनी मृत सख्या नही थी बल्कि जो सख्या पत्रो मे छपी है वह बिल्कुल सही सख्या है ।

अब हाउस के सामने जो मैं अर्ज करना चाहता हू—वह केवल यह विषय नही है कि यह जो कार्यवाही हुई या गोली चली वह सवैधानिक है या नही है, बल्कि सवाल यह है कि हिन्दुस्तान मे इस 1967 के चुनाव के बाद जो नया ट्रेन्ड शुरू हुआ है उस पर हमको विचार करना होगा । मैं प्रधान मत्री महोदया से, लीडर आफ दी हाउस से, भी यह निवेदन करना चाहता हू कि 1967 के चुनाव मामूली हालात मे नही हुए है । जो भी चुनाव कराये गये और चुनाव के सम्बन्ध मे जो भी सभायें की गई, उन मे पहले से ही हिसा शुरू हो गई थी । प्रधान मत्री पर पत्थर फेका गया, और लोगो पर भी पत्थर फेके गये, हमारे राजस्थान मे यह दृश्य सन् 1952 से देखने को मिला था । सन 1952 मे ज्योही हिन्दुस्तान मे हमारी सरकार बनी, आपको मालूम है कि राजस्थान एक विशेष प्रकार की रियासत (स्टेट) है वह पहले ही बी क्लास स्टेट थी, इसी तरह उडीसा भी बी क्लास स्टेट थी आप देख कि यह ट्रेन्ड उड़ीसा से चलना है पूरब से पश्चिम तक यह ट्रेन्ड चलता है कि किस प्रकार से हिंसा को प्रोत्साहन दिया जाय और उस हिंसा को प्रोत्साहन देने की गर्ज से यह सब कार्यवाहिया हिन्दुस्तान मे हुई । उधर प्रधान मत्री पर पत्थर फेका जाता है इधर जोधपुर मे जो हमारे बार्डर पर है आप जानते है कि पाकिस्तान के बार्डर पर वह सब से बडा शहर है वहा पर हमारे गृह मत्री गये थ, उन पर भी वहा पत्थर फेके गये, जिसमे आठ आदमी घायल हुए । यह ट्रेन्ड हिन्दुस्तान मे जैनरल इलेक्शन के बाद चला, शुरू से चला और अब भी चलने की बात हो रही है । जहा-जहा सरकारे बनी है, वहा ये चाहते हैं कि हम दबा कर कोई पब्लिक मीटिग न होने दे, किसी को बोलने न दे, सभाये न चलन दे, बल्कि एसेम्बली तक न चलने दे ।

16.08 hrs

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

आज राजस्थान मे जो हो रहा है, उसको इसी मद्देनजर से देखना चाहिये, राजस्थान की बैकग्राऊड को इसी नजर से देखने की कोशिश करनी चाहिये । राजस्थान एक ऐसी स्टेट है जिसको 22 रजवाडो को मिलाकर बनाया गया है, उन 22 रजवाडा मे तरह-तरह के सम्बन्ध है । एक बडा नेतृत्व पनपाने के लिये कितना परिश्रम काग्रेस ने किया है, काग्रेस के नेताओ ने किया है, वह काग्रेस के काम करने वाले जानते है । हम सन् 1947 से पहले इसी रियासत मे और एक दूसरी मे नही जा सकते थे । मेरा जैसा छोटा आदमी भी दो, चार रियासतो से निकाला गया था । मेरे दो नेता तो 5—5 और 7—7 रियासतों से निकाले हुए थे । अब उन रियासतो मे मत्रिमडल बने हैं । वहा पर काग्रेस चुन कर आती है । वह जयपुर शहर मे आना चाहती है । लेकिन जयपुर शहर के बारे मे मैं आप से निवेदन करता हू कि आप इस की बैकग्राउण्ड मे आज जयपुर के हालात को जयपुर शहर

[श्री भोला नाथ मास्टर]

की परम्परा को देखने की कोशिश करे। जयपुर शहर की असेम्बली कोई राजस्थान में जो गये होंगे वही जानते होंगे कि जिस तरीक़े में अपनी पार्लियामेंट है वह शहर से कोई दूर नहीं है। वह बिलकुल शहर में होकर उन को असेम्बली में होकर जाना पड़ता है। अभी खांडिलकर साहब ने कहा कि हमारे वाजपेयी साहब से जो जलूस निकालने के लिए आप ने कोई शर्तें रक्खी थी, आप ने कहा कि आप आरडरली जलूस निकालेंगे लेकिन आप को 4—6 मील आना पड़ता था। लेकिन राजस्थान असेम्बली मे कोई जलूस निकाला जाय तो वहां पर आइये तो सारा शहर पार करना पड़ता है। मिनिस्टर्स के जो बंगले है वे शहर से कही दूर हैं। इस के अलावा जो हमारे एम०एल०एज० के क्वार्टर्स है वह भी शहर मे दूर और एम० एल०एज० को पूरे शहर मे से होकर गुजरना पडता है और बसों पर और कारो पर पत्थर फेंक देना यह मामूली काम जयपुर का हो गया है। मैं वाजपेयी जी से पूछना चाहता हू कि क्या जब यह कर्फ्यू लगाया गया उस मे पहले जो ख़ास सैंटर है जगह है वहा पर क्या पत्थर नही फेंके गये थे? क्या वहां पर खादी भंडार नही जलाया गया था? यहां पाच बत्ती का रास्ता गवर्नमैंट होस्टल जहां से कि होकर मैम्बर्स पास होते है, मिनिस्टर्स और असेम्बली के मेम्बर्स पास होते हैं उस पांच बत्ती के सैंटर पर आग नही लगाई गई। वहां पर जयपुर शहर में एक मशहूर जगह है उस का एक बड़ा बाजार है। उस सारे बाजार में होकर एम०एल०एज० को जाना पड़ता है। उस मशहूर बाजार मे से होकर मिनिस्टर्स की कारें जाती हैं और चूंकि उन पर खाल पट्टी होती है जोकि आसानी से पहचानी जा सकती है। उन पर पत्थर फेंकने की कार्यवाहियां की जाती हैं और लाचार होकर यह कर्फ्यू लगाने की कार्यवाही करनी पड़ी। इस के लिए मैं राजस्थान के राज्यपाल महोदय को बधाई देता हूं कि उन्होंने बड़ी हिम्मत के साथ और बड़ी मजबूती के साथ स्थिति को सम्हाला और वहां की परिस्थिति के बारे में एक सही राय गृह मंत्री महोदय की सेवा में पेश की। राज्यपाल की रिपोर्ट मिलने के बाद हमारी केन्द्रीय सरकार ने आवश्यक और उपयुक्त क़दम उठाया। कदम यह उठाया कि राजस्थान के अन्दर आम दिनों जैसे हालात पैदा होने देने चाहिएं। क्या यह ग़लत बात है? वहां के जैसे हालात मे उस में यह वाजिब बात की गई।

अभी हमारे बीकानेर के महाराजा कर्णी सिंह जी बोल रहे थे और वह कह रहे थे कि वह पुराना फ्यूडैलिस्टिक कैरैक्टर नही रहा है। लेकिन मेरा कहना है कि फ्यूडैलिस्टिक कैरैक्टर भले ही न रहा हो लेकिन फ्यूडैलिस्टक बिल्डिंग और फ्यूडैलिस्टिक किले मौजूद हैं। कानौता का वह किला अभी भी मौजूद है जिसकी कि बाबत हमारे भाई श्री पहाड़िया जिक्र कर रहे थे कि जहा हमारे एम०एल०एज० को बन्द किया गया। वह किला आज भी मौजूद है। राजस्थान की असेम्बली की बैठक जयपुर की महारानी गायत्री देवी के महल मे होती है यह आश्चर्यजनक बात मैं कहना चाहता हूं। आज वह असेम्बली कहा हो रही है? असेम्बली का कोई उनका स्वतन्त्र भवन राजस्थान के अन्दर नही है। वह महारानी गायत्री देवी के महल में है और महल के उस दरवाजे से से होकर हमको असेम्बली के लिए जाना पड़ता है। एक कमरा बना हुआ है। राजस्थान के फाइनैंसेज लिमिटेड है और उसी में हम अपना काम कर रहे हैं। वहा जनता के हित के काम करने में हमें बड़ी कठिनाई पेश आती है। हमने लैंड रिफार्म्स किये उस से आज राजे महाराजे हम से नाराज हैं, जमींदार हम से नाराज हैं। हम वहां पर बड़ी मजबूती से लड़े और 89 अपने सदस्य लाये और उन 89 सदस्यों की तरफ़ से 25 तारीख़ को हमारे सुखाड़िया जी लीडर

चुने गये। उसी रोज उस सभा मे चार निर्दलीय सदस्य भी मौजूद थे और उन्होने खडे होकर अपने नेता के सामने नही बल्कि सारे जो 89 मैम्बर्स थे उन के सामने कहा कि हम कांग्रेस को सपोर्ट करना चाहते हैं। क्यों सपोर्ट करना चाहते हैं? इसके लिए हमारे ऊपर कोई दबाव नही है। उनमे एक पहले के हमारे कांग्रेसी है श्री अब्दुल हाजी जो पाकिस्तान बौरडर के आदमी है वह हमारे कांग्रेसी आदमी सन् 52 मे भी एम०एल०ए० रहे हैं। दूसरे जो साथी और जो एक वकील थे वह भी कांग्रेस को मानने वाले थे, हमारे पुराने साथी थे और एक राजपूत भी थे, उन्होने भी बराबर कांग्रेस का कार्य किया था। यह सब पहले कांग्रेसमैन थे। इसलिए अगर उन चार लोगो ने हमारा समर्थन किया था तो कोई गैर आदमियो ने हमारा समर्थन नही किया बल्कि वह सब कांग्रेसमैन थे। ऐसी हालत मे राज्यपाल महोदय ने जो कांग्रेस दल के नेता को मन्त्रिमडल के निर्माण के लिए बुलावा भेजा वह एक उपयुक्त बात ही थी। ऐसा करके उन्होने कोई गैर वाजिब बात नही की। 93 मैम्बर्स हमारे साथ थे। लेकिन चूकि प्रैस मे इसको लकर काफी होहल्ला किया गया, अखबारो मे आपोजीशन वालो ने इसके खिलाफ पबलिसिटी की, प्रचार किया और इसके विरुद्ध उनके द्वारा मिल कर कोई एक स्टेटमेट देने की कोशिश होती है तो आखिरकार यह जो गवर्नमेट है यह भी आजकल प्रचार से प्रभावित होती ही है और उन्होने समझा कि शायद बहुमत सुखाडिया जी के पास नही है जोकि ठीक नही था।

एक मजेदार चीज मैं यह भी बतला दू कि महारानी गायत्री देवी के बारे मे जरा गलत इत्तिला दी गई है। तथ्य यह है कि महारानी गायत्री देवी अपनी रियासत मे हारी थीं। महारानी जी खुद अपनी रियासत मे हारी। इसलिए जो मौजूदा साइन्स है उनको पढ़ना चाहिए। जहा से महारानी के लडके श्री जयसिंह जी जीते थे वही से महारानी हारी हैं। इसलिए उन्हे आज के बदले हुए साइन्स को समझना चाहिए और उनको समझ कर उसके अनुसार अपने को ढालने की कोशिश करना चाहिए। मैं सारे सदन से और इस की मार्फत देश से अपील करूगा कि अगर सचमुच देश मे डेमोक्रेसी को चलाना है तो हमे बदले हुए हालात को दरगुजर नही करना है क्योंकि इन रियासतो का जो इटेग्रेशन हुआ है तो फिर से यह सोचने लगे हैं कि किस तरह वही पुराना शासन तन्त्र आ जाय, यह फ्यूडेलिस्टिक स्ट्रक्चर आ जाय। हमारे महाराज कर्णी सिह जी अभी बोल रहे थे। कहने को तो वह इडिपेंडेंट हैं लेकिन मैं आपसे यह अर्ज करना चाहता हू और यह फैक्ट आपके सामने रखना चाहता हू कि महारावल लक्ष्मण सिह जो कि अपोजीशन के लीडर चुने गये हैं वह उनके फादर इन ला है, उनका उनसे खास रिश्ता है। उसी तरह उडीसा के देव साहब जो कि बोले उनका भी उसी तरह से रिलेशन है। उनके द्वारा इस तरह की बात हाउस के सामने कह कर देश मे एक ऐसा वातावरण बनाया जाता है कि मानो हमारे द्वारा प्रजातन्त्र का खून हो रहा है जब कि हकीकत इसके बरअक्स है। उनकी तरफ से ऐसा प्रचार किया जाता है कि अपोजीशन को गवर्नमेट बनाने का मौका नही दिया जाता है जब कि फैक्ट अदरवाइज है। यह भी अजीब बात है कि हम लोगो ने जिस परिश्रम से इन 17 सालो के अन्दर देश मे और उसके अन्दर कायम देशी रियासतो मे से फ्यूडेलिस्टिक स्ट्रक्चर को खत्म करने का प्रयत्न किया और आन्दोलन किया, जहा पर असेम्बली नाम की कोई चीज नही थी उन जगहो पर असेम्बली लाये, प्रजातात्रिक ढाचा वहा पर कायम किया उनके ऊपर इस तरह का झूठा आरोप प्रजातन्त्र का गला घोटने का लगाया जाय। हमने उन जगहो पर असेम्बली बना कर दिखाई। उस को चला कर दिखाया। सन् 52 मे भी हमारे ऊपर पत्थर फैंके गये। उसके बाद गोलियां

[श्री भोला नाथ मास्टर]

चलीं लेकिन हम अपने सही रास्ते से डगमगाये नहीं। उस वक्त भी हम लोगो ने इन सामन्तवादी लोगो के मुकाबले मे चुनाव जीते थे और आज भी 89 की तादाद मे उनके विरुद्ध चुनाव जीत कर दिखाया है भले ही आज विरोधी दल वालो की तरफ से गोहत्या बन्दी को लेकर कैसा ही जहरीला प्रचार क्यो न किया गया और सब को मालूम है कि किस तरीक से जनता की भावनाओ को भडकाने की कोशिश राजनैतिक स्वार्थ की सिद्धी के लिए की गई। दरअसल तथ्य यह है कि जिन्होने गोहत्या बदी की आवाज उठाई वही जनसघ वाले कुल राजस्थान मे सबसे ज्यादा फियुडैलिस्टिक स्ट्रैक्चर का कायम करने की कोशिश मे लगे है। वह राजा, जागीरदारी आदि के पीछे चलना चाहते है। वह हिन्दू मस्कृति आदि की बाते करते है। वे लाग यहा पर केवल 22 आदमी लाये है और वह इम तरीके म यहा पर बताना चाहते है कि काग्रेम हुकूमत काम नही कर मकती है, काग्रेस कामकाज नही चला सकती है।

मैं आप मब लोगो मे यही निवेदन करना चाहता हू कि यह जो प्रस्ताव सामने आया है यह बिलकुल फेंकने के लायक है। यही नहीं बल्कि मैं समझता हू कि जब प्रेसीडेन्ट एड्रैस आयेगा और उम वक्त भी आप के सामने फैक्टम् रक्खे जायेगें तो उन पर आप को गम्भीरता मे विचार करना होगा कि जैसे बी क्लास स्टेटम उडीसा मे गडबड चली, जैमे राजस्थान मे गडबड चली, वहा पर ईंट, पत्थर आदि फेंकने की कार्यवाहिया होती हैं तो क्या वहा पर इस तरह के हिसात्मक प्रदर्शन होने चाहिए। इन सब बातो पर हाउस गम्भीरता से विचार करे यही मेरा निवेदन है। इम प्रस्ताव का श्री वाजपेयी ने रक्खा है मैं उसका जोरदार विरोध करता हूं।

Shri Deokinandan Patodia (Jalore). Mr Speaker, Sir, I am a new Member I had expected that the level and the standard of debate in this House would be of a much higher order But I find that the Members of the Congress Party are adopting some indecent manners and are not even good enough to reciprocate the manner in which the Members of the Opposition are dealing with the matter

13th March, 1967 will go down as a black day not only in the history of India but in the history of democracy in the world It was a shock On the 13th March, the manner in which President's rule was imposed in Rajasthan came to be known through the newspapers

One thing that has been missed is that after adopting all sorts of unconstitutional methods, the Governor had decided to invite Shri Sukhadia to form the Government although he did not have the majority First of all, the Assembly was expected to be convened round about 22 March But on persistent demand from the Opposition with great difficulty he agreed that the Assembly would be convened on 14 March Then all of a sudden after having had so much time at his disposal Shri Sukhadia came to know that he did not have the majority that he was not in a position to form the Government On 13 March he refused to form the Government The only other constitutional alternative the Governor had under those circumstances was to invite the Leader of the Opposition to constitute the Government, and then, had the Opposition failed to produce a majority, had they refused to form the Government, any other alternative step could have been contemplated and taken Instead of doing that, the Governor chose, possibly in consultation with the Chief Minister, to

take the advice of the Home Ministry only to find out by what method and in what manner, somehow or other, an Opposition Government may be avoided and may not be formed and some more time might be given to Shri Sukhadia to manoeuvre and try to bring some members into his camp. In these circumstances, President's rule was imposed in Rajasthan. This is an important point which all of you will take into account.

Look at the background of the elections in Rajasthan. First of all, before the elections, all types of pressures, administrative pressures and misuse of authority, were brought to bear to obtain a majority for the Congress. When even after that, the Congress did not get a majority, efforts were made to purchase members. All sorts of pressures were used for the purpose. There also they were not successful. Then at one stage the Governor said that the Independents would not be recognised, a most unconstitutional thing ever heard of. In spite of that, Shri Sukhadia failed to form the Government. But somehow or other, he must stick to his power; somehow or the other, the Congress must form the Ministry; somehow or the other, the Opposition must not be given a chance even when the people's verdict is in their favour. So President's rule was imposed.

On the other hand, can anybody deny that out of 184 Assembly seats, the Congress got only 89 and it was definitely in a minority? Can anyone dispute the fact that 93 members of the Opposition were presented to the President, brought on the platform? Can anybody deny that signatures were given? The President in my presence asked all of them who were present, 'Are they all with the Opposition? Are they wholeheartedly, honestly with the Opposition?' The reply was a unanimous 'Yes'. This was in the presence of Shri Chavan, our Home Minister. Can anybody challenge these facts?

In these circumstances, why then resort to these undemocratic methods? What is the meaning of democracy? What do we stand for here? We declare in loud terms that we in India live for democracy? After all, in a democracy, power is nobody's perpetual preserve. Nobody can say that because his father enjoyed power, he should also be in power. Times have changed. If the Congress party is under the impression that they will hold power because they have been holding it in the past it is high time they disabused themselves of it.

The people's verdict is written on the wall. This verdict must be understood and accepted. It was only proper for them when they knew that they are not holding the majority, to say 'Since we are not in a clear majority, let the Opposition form the Government'. But no, that was never done. They want to stick on to power, adopting all unfair means in the process. The Governor in collusion with the Home Ministry created all sorts of pretexts and manoeuvred all sorts of circumstances only to show that there was a break down of law and order. I want to ask: in the course of twenty years of independence, how many times has President's rule been imposed in the country? How many times has law and order broken down in the country? How many times has firing been resorted to? What reply have they to all these questions?

After the 7th March, what was the situation, what were the incidents which go to show that there was breakdown of law and order? President's rule was imposed on 13th March. Between the 7th and 13th March, what happened in that State which prompted the Governor to declare that law and order had broken down? Let anyone reply to this question.

[Shri Deokinandan Patodia]

Apart from that, the whole State of Rajasthan is not one city. One particular mohalla of one or two square miles is not one town. If some disturbances had occurred in a particular locality in the city of Jaipur, is that enough ground to say that the situation had gone out of control, law and order had broken down in the State and imposition of President's rule is necessary and the Opposition should not be given a fair chance to form the Government?

Shri Pahadia: On point of clarification. I said that it was only in Jaipur that law and order had broken down.

Some hon. Members: Sit down. (*Interruptions*).

Shri Deokinandan Patodia: If this state of affairs is to continue, I want to ask: what difference is there between Congress rule and British rule? If they stick to power in the same manner as the British were sticking to power in this country, what is the difference between the two? If they are not good enough to accept the verdict of the people and stick to democratic practices, but refuses to vacate the chair, what is to become of our democracy?

I therefore feel that the Governor has violated all cannons of Constitution and fairplay and he should be dismissed and the Opposition given a chance to form the Ministry of Rajasthan .....

An hon. Member: By 5 O'clock today.

Shri Deokinandan Patodia. My friend interjects, 'By 5 O'clock today'. It will be good if that happens.

The other point I want to make is this. If Governors, Speakers and the President who hold such high offices of State also behave in a partisan manner, if they do not uphold the democratic right of every citizen, there is no future for this democracy. Looking at the things that have happened in Rajasthan, I feel that there should be some change, there should be an overhaul of the rules and the Constitution so that party men are not permitted to be chosen as Governor or elected as Speaker or President. With these few words, I support the Motion and hope that it will be carried.

डा० राम मनोहर लोहिया (कन्नौज) : अध्यक्ष महोदय, मैं ने यह तो सुना है कि वोट देने के लिए बीमार आदमियों को, थके आदमियों को किसी तरह से उठाकर सदन में लाया जाता है । लेकिन आज कुछ ऐसा मौका आया कि इस प्रस्ताव पर बोलने के लिए एक मेरे जैसे कुछ बीमार और काफी थके हुए आदमी को बुलाया गया और मैं आया भी । थका हुआ हू । बहुत थका हुआ हूं । इसलिए कि कांग्रेस तो खत्म हो रही ह और सिर्फ दो वर्ष रह गए हैं इस को सारे हिन्दुस्तान से साफ होने मे । लेकिन थकावट इस बात की है कि एक गढ़ ढह रहा है, इसकी जगह पर एक बढ़िया मकान बन नही पा रहा है ।

इन 20 वर्षों में लगातार जनता को कांग्रेस और सरकार पर्यायवाची शब्द के रूप में मिले थे । "कांग्रेस" माने जनता समझती थी "सरकार" और "सरकार" को "कांग्रेस" । लेकिन अब पहली दफा ऐसा हुआ है कि हिन्दुस्तान की जनता के सामने अब कांग्रेस सरकार नही रही है और सरकार का अर्थ कांग्रेस नही रहा है । यह एक बहुत बड़ी बात हुई है और जो प्रस्ताव आपके सामने है वह विशेष तौर पर इसी बड़ी बात को खत्म करने की निन्दा में रखा गया है, क्योंकि जहां जनता ने कांग्रेस और सरकार के समान अर्थ को खत्म किया है वहां यह सरकार जिस किसी भी हथकण्डे से, प्रलोभन से, लालच से, जोर-जुल्म से, अत्याचार से कोशिश करना चाहती है कि फिर से जनता के मन में कांग्रेस

का अर्थ सरकार बन जाय, इस लिये यह यह प्रस्ताव आया है।

आखिर राजस्थान में हुआ क्या ? मैं घटनाओं की तफसील मे नही बतलाऊंगा 93 आदमी आये, सशरीर आये, आत्मा से आये, कैसे आये, लेकिन बात बिलकुल साफ थी, लेकिन यह काग्रेस हथकण्डे इस्तेमाल कर के, जोर जुल्म, जबरदस्ती इस्तेमाल कर के फिर मे राजस्थान मे सरकार बनाने चली, क्योंकि केवल अपने देश में ही नही, सारी दुनिया मे कही किसी चीज को करना होता है तो किसी एक छोटी जगह मे आरम्भ करते हैं। यूरोप वाले, मैंने सुना है, जब कोई छुटपुटी, बेडगी, अनोखी, बदमाश चीज किया करते हैं, तो उसको लक्जमबर्ग मे शुरू करते हैं, जब प्रयोग कर लेते हैं, नतीजा निकल आता है, तब उस को सारे यूरोप मे लाने की कोशिश करते है। उसी तरह मे ऐसा लगता है कि राजस्थान से इन लोगो ने, इन हजरतो ने, इस को शरू किया है और शरू कर के फिर बहाव उत्तर प्रदेश और इनका बस चला तो न जाने कहा कहा इस को इस्तेमाल करेगे।

उत्तर प्रदेश मे देखिये, क्या हुआ, जितने वोट देनेवाले हैं, जिनको वोट देने का हक है, उन सात मे से केवल एक ने इस सरकार को सरकारी पार्टी को अपना वोट दिया है सात मे से एक ने। अब चाहे हजार सविधान मुझको पढ़ कर सुनाइये, नियमावली, प्रतिनिधित्व के कानून, अगर कोई मुझ से कहे कि 117 किसी पार्टी को वोट दिया गया है और उस पार्टी की सरकार बनजाय, तो मैं खाली यह कहूंगा कि यह उल्टी खोपड़ी की दुनिया है और भारत मे कहीं कोई किसी तरह का नियम चल नही पा रहा है। सात में से साढ़े तीन घर बैठे रह गये, वोट देने नहीं आये, साढ़े तीन जो वोट देने गये, उन में से ढाई ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वोट डाला, एक ने केवल पक्ष में वोट डाला और उस एक की सरकार बन रही है—अजीब दुनिया है, इसको जनतन्त्र कहते हैं, इस के ऊपर बडा भारी घमण्ड करते हैं कि हम ने देश मे जनतन्त्र कायम कर रखा है और जब यह तर्क इस्तेमाल करते हैं कि उन में से बहुत से स्वतन्त्र थे, जो किसी पार्टी मे नही थे, तो मैं एक तर्क देना चाहता हू कि जो भी कोई स्वतन्त्र, जहा कही भी जीता है, स्वतन्त्र से मेरा मतलब ममानी साहब की पार्टी मे नही है, वे स्वतन्त्र जो किसी पार्टी मे नही है, उन हर एक स्वतन्त्र के खिलाफ इस काग्रेस पार्टी का उम्मीदवार खड़ा हुआ था और वह हारा था, काग्रेस की शक्ति वहा हारी थी, तो किसी भी तर्क के अनुसार स्वतन्त्र उम्मीदवारो को और स्वतत्र वोटो को काग्रेस के खिलाफ ही गिनना चाहिये, वैसे इन को सात मे से केवल एक ही वोट मिला और इनकी सरकार कायम है—वाह, क्या गजब की यह सरकार है।

फिर वहा के लोग कहते है कि हम मतैक्य है, एक मत के हैं, हम लोग तो अनेक मतवाले है, मुझे इस मे रत्ती भर भी उज्र नही होना है— यह मानते हुए कि जितने लोग यहा बैठे हुए है, वे अनेक मतवाले है। यही तो मुझे एक अफसोस है कि हम अनेक मतवाले है, एक मतवाले हो जाते तो मजा ही आ जाता। लेकिन कैसा एक मत है, इसी राजस्थान के मामले को ले लीजिए। पुराने राजाओं और रानियों के खान-पान पर लाखो, करोडो रुपया दिया जाता है, जिसको ये लोग प्रीवीपर्स कहते है, इनकी भाषा आप जानते हैं जो है। जब चुनाव आता है तो यदि कही कोई छुटभैया राजा या छुटभैया रानी विरोध पक्ष मे पहुंच जाता है तो बहुत ज्यादा राजा-रानियो के खिलाफ बोलने लग जाते हैं, उसी राजस्थान में खिचवाभर राजा-रानी इनके यहा बैठे हुए हैं—नये राजा, पुराने राजा, पुरानी रानी, नई रानी, अगर जयपुर की रानी इस तरफ है तो इलाहाबाद की रानी उस तरफ है, इस बात को क्यों भूल जाया करते हैं। यह सब क्या हो रहा है, मैं इतना ज्यादा दुखी हूं

[डा० राम मनोहर लोहिया]

कि जिस अपराध के लिये एक साधारण नागरिक राजस्थान की जेल मे बन्द रहा और तरह तरह की यातनायें सही, उसी अपराध के लिये वहा का एक स्वतन्त्र पार्टी का नेता, कोई राजा है, रावल है, पकडा गया और छोड दिया गया, यह है इन लोगो का मतैक्य, यह है गृह मंत्री और यही है प्रधान मंत्री। एक ही तरह का अपराध करने वाले एक नागरिक को जेल मे रखते है और दूसरे नागरिक को, क्योंकि वह राजा-रानी है, उसको पकडते भी नही, यदि पकडते है तो पकड कर छोड देते है। जाइये, भाई, जाइये—यह मतैक्य हम को बताते हैं। अगर मतैक्य करना है तो अपने अन्दर मे वे सारे के सारे लोग जो वंश, कुल, परम्परा को संविधान से ऊंची जगह देते है, संविधान मे लिखा हुआ है कि हर नागरिक के समान अधिकार है, कानून के सामने हर नागरिक बराबर है, संविधान के इस कलक के होते हुए जो राजाओ और रानियों को कानून, प्रीवीपर्स—खान-पान के खर्चे के मामले मे विशेषाधिकार देना चाहते हैं, ऐसे कांग्रेसी और स्वतन्त्र पार्टी वाले है, इन को मतैक्य कर के अपनी सरकार बना लेनी चाहिये। अगर कांग्रेस मे कोई रह गया है— मैं समझता हूं कि कोई नही है, खाली चिल्लाने भर के लिये है कि हम राजा-रानियो को खत्म करना चाहते है, वे तो उन से बड़ा फायदा उठाते हैं, जगह जगह उनके सहारे जीते हैं, उनको क्या खत्म करेंगे। फिर भी यदि ऐसे लोग अगर रह गये हो जो विशेषाधिकारों को, ऐसे समाज को जिसमें ऊंच-नीच का आधिक्य हो चुका है, उस को खत्म करने वाले लोग एक तरफ हो जाय, क्यों नही ऐसा काम होने देते हैं, क्यों अपने अन्दर ईमान की कमी के बीज को वृक्ष रूप मे उगने देते हो, फिर कहते हो मतैक्य नही है, कहते हैं अनेक मत हैं। इस लिये मैं साफ साफ कहना चाहता हूं अपनी तरफ से और मेरे जैसे अनेक लोग यहां पर हैं, मैं समझता हूं कि देश के अन्दर भी बहुसंख्या हमारी ही है कि अब इस देश मे आज, कल, परसों, दो-चार साल, पांच साल मे ये जितने भी विशेषाधिकार के व्यक्ति है, इन के विशेषाधिकार को भारत का जनतन्त्र खत्म कर के छोड़ेगा। भारत का जनतन्त्र इन राजाओ और रानियो को पचायेगा, नाकि ये राजा-रानिया भारत के जनतन्त्र को पचा सकेंगे। लेकिन यह कैसे हो पायेगा। ये जो नये-नये राजा रानिया निकलते है। जो कोई बडा आदमी पैदा हुआ वास्तव मे बडा था—नही था, यह बात छोड दीजिये, क्योंकि इतिहास पूरा बन रहा है कि इन मे से कौन कौन बडे थे, मै समझता हू कि महात्मा गांधी की मृत्यु के बाद मे बड़प्पन तो भारत मे खत्म हो चुकी है, फिर कही उग रही हो, कही निकले तो बात दूसरी है, लेकिन उनके कितने लड़के, लड़किया... ..... .

(व्यवधान)

प्रो० समर गुह : आपको महात्मा गांधी का नाम नही लेना चाहिये था, अगर उनका नाम लिया तो नेताजी का नाम भी लेना चाहिये था।

डा० राम मनोहर लोहिया : यहा पर प्रो० समर गुह ने नेता जी का नाम लिया, नेताजी की बात छोड़ दो, नेताजी को तो मैं महात्मा गांधी की बगल में रखता हू। उनको ऐसे समूह में मत लाया करो, इनकी टोका-टाकी हो जाने दिया करों। टोका-टाकी से मैं मोम जैसा मुलायम नही हू जो पिघल जाऊंगा या गड़बडा जाऊंगा, मुझे यह कहना है कि चार हजार आदमी जो इस बार विभिन्न विधान सभाओं और विधायकों के लिये खड़े हुये, जो चुनाव जीते उन में से 100 के करीब पुराने कुल और वंशवाले और 100 के करीब नये कुल और वंशवाल हैं। किसी का लड़का, किसी की लड़की, चाहे जैसा अयोग्य हो, राज्य से कोई मतलब नहीं, थोड़ी बहुत चालाकी हो, गद्दी पर बैठने की क्षमता हो, कूटनीति कूट—कूट कर भरी हुई हो, देश की भलाई से कोई मतलब नहीं।

किसी तरीके से अकल लगा करके, छलांग मार करके गद्दी पर बैठ जायें बस इतनी ही चिन्ता है इस से ज्यादा कोई फिकरत नहीं है। न जाने कितने लोग खाली इसलिये कि उनके के बाप या उन के ससुर वगैरह थे वह मर गये उन की जगह पर आ गये। मैं नाम किस का इस वक्त लूं? 100,100 आदमियों का 100,100 औरतों का कहां तक नाम लूं? यह जितने लोग हैं यह भारत में जनतंत्र के सिद्धान्त और प्रणाली को कुल्हाड़ी से मार रहे हैं और जल्दी ही आप को ऐसा वक्त लाना पड़ेगा जब इस वंश और कुल के आधार को अपने जीवन में बिलकुल खत्म कर देना पड़ेगा और यह मानना पड़ेगा कि भारत में अगर जनतंत्र का उदय होगा तो वह साधारण गाड़िया लुहार राजस्थान वाला जो दर दर घूमता है, फटे मैले कपड़ वाला जिसको कि अपना सिर छिपाने के लिए जगह नहीं है शायद राणा प्रताप की पलटन में था शायद उस ने प्रतिज्ञा की थी कि देश के ऊपर विजय पाने वालों के सामने सिर नहीं झुकाऊंगा लेकिन यह वंश, कुल परम्परा वाले जितने कमबख्त है उन्होंने हर विजेता के सामने अपना सिर झुकाया है और उस के जरिए वह अपनी नये और पुराने गद्दी को कायम किये हुए हैं। जनतंत्र दुश्मन है वंश और कुल परम्परा का और वह बात भी राजस्थान से बिलकुल साफ साबित होती है। मतैक्य है और बहुत तरह का है यहां मालूम होता है कहीं कुछ दिखाई नहीं पड़ा। एक नया आदमी आया है, एक उपप्रधान मंत्री, और उस उपप्रधान मंत्री ने भी जबरदस्त गजब की चीज की हैं। एक वंश और कुल परम्परा जब वह पहले वित्त मंत्री थे तब वह गये थे इंगलिस्तान में और इंगलिस्तान में उन्होंने एक अंग्रेजी बैंक के एक खाते का निरीक्षण किया। वह विदेशी मुद्रा का खाता था। और कानूनी था अपने देश के कानून के हिसाब से। उस विदेशी मुद्रा के खाते के आदमी के ऊपर मुकद्दमा चला कर उस को सजा मिलनी चाहिए थी। इन्ही वित्त मंत्री महोदय ने जो अब उपप्रधान मंत्री हैं, अंग्रेजी बैंक के साथ और अंग्रेज भी बड़े पहुंचे हुए लोग, जब कभी वह शक्तिशाली आदमी के साथ आ जाते हैं तो सब तरह का न्याय, अन्याय करने के लिए राजी हो जाते हैं, उस खाते को बिलकुल साफ कर दिया। आज उस का अवशेष भी नहीं रह गया है उस अंग्रेजी बैंक में। विदेशी मुद्रा का खाता जानते हो किस का खाता था? वह था भारत के भूतपूर्व प्रधान मंत्री का खाता.....

(व्यवधान) यह मतैक्य है इन लोगों में। इस मतैक्य को लेकर आज चल रहे हैं..

एक माननीय सदस्य : यह गलत व झूठ है।

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): Sir, I rise on a point of order. According to our rules, no such allegations can be made without giving advance notice in writing; it is absolutely irregular and no such allegations can be made. I would request you to either expunge it from the proceedings or stop the hon. Member from making such wild and untrue allegations .. (*Interruptions*)

An hon. Member: The Member should be relevant

Mr. Speaker: The hon. Member should avoid such allegations.

Shri Vidya Charan Shukla: This allegation should not be allowed to stay in the proceedings.

श्री राम सेवक यादव : स्पीकर ने रूलिंग दे दी।

डा० राम मनोहर लोहिया : अब वह मतैक्य हैं इन लोगों में। यह सरकार कैसी है। सुबेतलाना जैसे कोमल फूल को इस देश के अन्दर रखने की हिम्मत इन लोगों की नहीं हुई। उस को देश से बाहर निकलने के लिए मजबूर किया। अब वह अधर्म तेजा, घोषित अपराधी जिसको कि न जाने कितने

[डा० राम मनोहर लोहिया]

दिनों पहले यहां आ जाना चाहिए था, ले आकर जिस पर मुकद्दमा चलाना चाहिए था वह अभी भी घूम रहा है, परिव्राजक है, अमरीका में है, इंगलिस्तान में है । कहा सुबेतलाना जैसे एक निरीह व्यक्ति जिसके ऊपर स रे देश और सारे संसार या ससार के अधिकाश हिस्से की कठोरता आज छाई हुई है उस को रख नही सकते उसको निकालना पड़ता है । यह है सरकार और ऊपर से हमारे ऊपर यह रोब जमाना चाहती हैं और तेजा साहब को नही ला पाती । कैस कैसे मत्री हैं ? बाते बिल्कुल साफ हो चुकी हैं । यह कोई ऐलिगेशन, ऐलिगेशन, के मतलब क्या होते हैं, आरोप, यह आरोप नही है । यह सब साबित की हुई चीजे है । यह हजरत कौन आये कहने वाले । जरा उपप्रधान मंत्री को आकर कहने दीजिये कि यह बात गलत है । आखिर को मुझे मालूम हुआ तो उन से या उन के किसी चर से ही मालूम हुआ होगा और मुझे यह कैसे मालूम हो सकता है ? (व्यवधान)

मैं आप से यह अर्ज करूगा कि इस लोक सभा में इस तरीके की हरकतो से कभी कोई जनतत्रीय बहस हो नही पायेगी । आखिर बहस का क्या मतलब होता है ? जब कोई बात कही जाय उस को प्रतिपक्ष अच्छे तरीके से सुने और उस का ईमानदारी से जवाब दे और सच बोले । सब से बड़ी बात यह है कि आज अपने देश में और खासतौर से विधायिकाओं में सच बोलने की परम्परा रह नही गयी । यहां जनता के भीतर भी यहा भी कुछ ऐसा माना जाता है कि जो झूठ बोल कर बच जाय वह बड़ा कुशल आदमी है बड़े कुशल मंत्री हैं । झूठ क्यों बोला जाता है ? क्योंकि कोई चीज छिपानी होती है और कोई चीज गड़बड़ क्यों की जाती है क्योंकि आज अपने देश में खर्चे वगैरह को लेकर .....

Shri S. M. Banerjee: It is not proper for Mr. Shukla to come to you now. You should not allow any Member to come to you.

Shri Vidya Charan Shukla: We will see when you come there.

Mr. Speaker: Dr. Lohia should try to conclude; he has taken twenty minutes already.

डा० राम मनोहर लोहिया : अभी मेरा आखिर को ऐसा नही है कि बिलकुल वक्त खत्म हो गया । अभी मेरा अपना वक्त है । मै समझता हू कि आप आये हैं तो आपसे थोडा सा वक्त और भी मिल जायेगा लेकिन अभी तो मेरा वक्त बाकी रहता है ।

अभी आरोपो की बात करके मै नही चाहता कि वर्तमान प्रधान मत्री के बारे में मैं कुछ कहू । वह आरोप नही है बल्कि वह चीजे अध्यक्ष महोदय साबित हो चुकी है । अब प्रधान मत्री ने स्वय दूसरे सदन मे स्वीकार किया है कि इनको परदेशी बादशाह लोग हीरे दिया करते है । यह उन्होने स्वीकार किया है । इन्होने और इनके दूसरे सदस्यो ने भी यह स्वीकार किया है कि यह हीरे सात दिन तक प्रदर्शनी के लिए इनके घर मे रखे जाते है। अगर हमको पहले से पता होता कि ऐसी प्रदर्शनी भी लगा करती है तो शायद हम भी पहुच पाते यह देखने के लिए कि कैसे कैसे हीरे मिला करते है ? सात दिन के बाद वह हीरे बैंक वगैरह मे पहुचा दिये जाते हैं । यह आरोप नही है । यह प्रमाणित बात है । इनकी तरफ से कही हुई है । अब इसके ऊपर बिल्कुल साफ़ सवाल उठता है कि जो कुछ राजस्थान में हुआ, जो कुछ उत्तर प्रदेश मे हुआ उसके बाद अपनी मन की ताकत से मेरा यह सवाल उठता है 7 दिन ? 7 दिन तो बड़ा भारी समय होता है हीरों वगैरह के मामले में । हीरों का मामला तो मिनटों में इधर उधर किया जा सकता है । क्या जानें करोड़ों के हीरे हो जो सऊदी अरब और दूसरे राजाओं की तरफ से मिले हों और खाली हजारों ही देश के बैंक में पहुंच जाया करें ।

अब यह मामूली चीजें नहीं रह गई हैं.... (व्यवधान)

The Prime Minister and Minister of Atomic Energy (Shrimati Indira Gandhi): I strongly protest against these wild allegations.

Shri Khadilkar: On a point of order (*Interruptions.*)

एक माननीय सदस्य : सूदखोर का लड़का समाजवादी ढांचे में उबलता है और झूठ बोलता है ।

डा० राम मनोहर लोहिया : प्रधान मंत्री जी क्या बोली है अभी वह तो सुनवा दिया जाय ?

Mr. Speaker: She is protesting against the allegations.

Shri Khadilkar: I want a ruling. (*Interruptions.*)

Mr. Speaker: She is protesting against the wild and baseless allegations.

डा० राम मनोहर लोहिया : ऐलिगेशन कहां हैं ?

Shri Khadilkar: *rose*—

Some hon. Members *rose*—

श्री राम सेवक यादव : तथ्य की बात है जिसे प्रधान मंत्री ने स्वीकार किया है ।

Mr. Speaker: Let him raise the point of order. There is a point of order.

Shri Khadilkar: I would like to point out to you that in the past such allegations of this nature were made; there are rulings on record and there is a certain procedure to be followed. If an hon. Member with a view to assassinating the character of another hon. Member, were to make certain vague allegations, so as to generate an atmosphere of corruption all round, unless he has substantial proof and gives in writing a sort of notice that he is going to raise the issue, he cannot make those allegations Only on giving notice that he is permitted; otherwise, all those things should be expunged, because otherwise it appears in the press; it must be expunged.

An hon. Member: What is the rule?

Shri Khadilkar: It is a tradition here.

An hon. Member: The decision will be changed.

Shri Khadilkar: He is a new man; ask the old Members.

They must be expunged.

Mr. Speaker: He has been saying that this has been accepted. I do not know where it has been accepted and by whom. He has been saying that all these things have been accepted.

श्री मधु लिमये . वह गलत बोल रहे हैं । श्री खाडिलकर की पुरानी आदत है । (व्यवधान)

Shri Khadilkar: I will give you the rule.

Some Members *rose*—

Mr. Speaker: One at a time.

श्री मधु लिमये : जब कभी व्यवस्था का प्रश्न उठाया जाता है, किसी नियम के अन्दर ही उठाया जाता है । किसी परम्परा पर व्यवस्था का प्रश्न आधारित नहीं किया जाता । इसलिये पहले श्री खाडिलकर को चाहिये कि वह नियम बतलाये ।

श्री खाडिलकर : मैं अभी रूल कोट करता हूं ।

श्री मधु लिमये : अभी मैं बोल रहा हूं । आप बाद में नियम बतला दीजिएगा । मैं आपका ध्यान .....

Shri Vidya Charan Shukla: His point of order has not been disposed of. (*Interruption*).

Several hon. Members *rose*—

Mr. Speaker: I have not given any ruling; Shri Madhu Limaye is on his legs I would not allow others to speak now

श्री मधु लिमये : अध्यक्ष महोदय, श्री खाडिलकर ने परम्पराओं की बात कही, जब कि करनी चाहिये नियमों की ।

श्री खाडिलकर रूल और परम्परा दोनों ।

श्री मधु लिमये आपने केवल परम्परा कहा है, रेकार्ड देखा जाये ।

श्री खाडिलकर मैं अभी रूल देता हूं ।

श्री मधु लिमये अब देने से क्या होता है । वह बाद में बतलायेंगे । शायद उनको नियम मालूम नहीं है । उनकी जानकारी के लिये बतला देता हूं । शायद उनका ध्यान 353 की ओर है । लेकिन यदि वह इस नियम को ठीक प्रकार से पढ़ेंगे तो उनको पता चलेगा कि वह जो सदन का सदस्य नहीं है, मंत्री नहीं है, एक ऐसा व्यक्ति है जो सदन में जवाब नहीं दे सकता, उसके बारे में है । मैं पढ़ कर सुनाता हूं :

"No allegation of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a member against any person unless the member has given previous intimation to the Speaker and also to the Minister concerned, so that the Minister may be able to make an investigation into the matter for the purpose of a reply"

इस नियम का मतलब साफ है । मान लीजिये कि मैं किसी अफसर के बारे में कुछ कह रहा हूं और अगर प्रधान मंत्री को उसकी कोई सूचना नहीं है या गृह मंत्री को सूचना नहीं है तो गृह मंत्री जांच करके कैसे जवाब दे सकेगा । लेकिन अभी डा० राम मनोहर लोहिया जो कह रहे थे वह किसी गैर सदस्य के बारे में नहीं, वह प्रधान मंत्री के बारे में है, और वह भी आरोप नहीं है । वह कह रहे थे कि प्रधान मंत्री ने ही इस किस्म की बातों को स्वयं कहा है । जब वह इन बातों को काटती है तो यह कहने से ही काम नहीं चलेगा, यह हम बहुत सुन चुके है, कि हम आरोपों का खंडन करते हैं । एक एक बात को लेकर कहना चाहिये कि कौन सी बात उन्होंने नहीं कही है, और कौन सी असत्य है । इस तरह से साधारण बातें कह कर अब मामला टाला नहीं जा सकता । पिछली लोक सभा में हमारे एस० के० पाटिल ने भी इसी तरह कहा था, और मैंने मांग की थी कि एस० के० पाटिल, मनुभाई शाह, शचीन्द्र चौधरी, इनके बारे में संसदीय समिति की स्थापना कर के आरोपों की जांच की जाय, लेकिन आप लोगों की हिम्मत नहीं हुई । इसका क्या नतीजा हुआ ? (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य अध्यक्ष महोदय, मारवाड़ियों के दलाल यहां पर आकर इस तरह से बातें करते है . . (व्यवधान)

श्री मधु लिमये मैं ने उनके खिलाफ आरोप लगाये थे (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य यहां जो बैठे हुए है यह उनके दलाल है

श्री मधु लिमये अगर इसी तरह से यह लोग करेंगे तो इसका नतीजा भुगतना पड़ेगा । यह प्रधान मंत्री अगले चुनाव के बाद इस सदन में नहीं रहेंगी . . (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य यह अमरीका के रुपये पर चलते रहे और लाखों रुपये खा गये, यह बात नोट की जाये । मधु लिमये . (व्यवधान)

Several hon. Members *rose*—

Mr Speaker: One at a time. I will myself read the rule. It is very clear

(Interruption) Let all others sit down. Shri Khadilkar.

Shri Khadilkar: Now, a point has been reached where I want to show the rule. Therefore, I am quoting the rule. I only made a reference to the precedents Now, I shall quote the rule; it is rule 352 (i) which reads thus:

> "A member while speaking shall not refer to any matter of fact on which a judicial decision is pending."

Then, (ii)—

> "make a personal charge against a member."

That is more important Later on, in rule 353, it is said.

> "No allegation of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a member against any person unless the member has given previous intimation to the Speaker..." etc.

I have quoted it. (*Interruption*). Just a minute; let me finish my argument. You had your say. Mr. Speaker, Sir, my request is this. This is being indulged in, in this House quite often. In the last session, we have heard many allegations made, and they were rebutted, and still, with all the rebuttal, they find place in the press. I want a clear-cut ruling based on this procedure from you: unless the Member follows the procedure, gives notice, if vague innuendoes or allegations of this nature are made, they must stand immediately expunged

Shri Umanath: Because he is demanding a ruling, and you are also going to give it, I wish to bring to your notice that this very question on the basis of this rule was discussed in the pevious Lok Sabha in 1965 and already a ruling has been given. I wish to bring it to your notice that when the White Paper was being discussed and when Shri A. K Gopalan was not present in the House—he was in detention—Shri Vidya Charan Shukla made a wild personal allegation against Shri A. K. Gopalan, of having made earnings by unfair means, and no notice was given to Shri A. K. Gopalan. On the other hand, the hon. Member made these remarks behind his back, when Shri A. K Gopalan was in detention. He also made mention of his wife, Shrimati Suseela Gopalan, who was also in detention and who was not than a Member of this House. Strong objections were taken against Shri Shukla by other Members on the Opposition side Shri Hukam Singh was then in the Chair, and when this rule was quoted on the basis of the discussion here, he gave the ruling saying that if Shri Vidya Charan Shukla is very strong and is satisfied as far as the allegations are concerned, and if he is satisfied that they are true, then he could make it on the floor of the House On that basis, nothing was expunged, and he was allowed. Subsequently, when Shri A. K. Gopalan wrote to the Speaker that these were wrong, malicious things, and when he requested the Speaker to make a mention of it on the floor of the House, the Speaker turned it down on the basis of his ruling. Therefore, there is no question of claiming such a privilege now.

Shri Vidya Charan Shukla: Because my name has been mentioned, I may just say a few words in order to put the record straight When certain charges were levelled against Shri A K Gopalan, there was no point of order raised on this procedural matter It was only said that those charges were false Then the Speaker said that if the charges were falsified to his satisfaction he will have them expunged and he sent a letter to me and asked me to give the documents in proof of what I had said I sent the documents as proof and all those things in support of what I had said The Speaker was satisfied that there were full facts and that is why they were not expunged There is no question, therefore, of any point of order

Shri Umanath: You did not give notice to Shri A. K. Gopalan before you made the charge. And therefore you cannot claim the same privilege for you.

Shri Vidya Charan Shukla: There was no such point that notice should be given. The only thing is, the Speaker was satisfied that there was full proof for my allegation and that is why no action was taken on that.

17 hrs.

Mr. Speaker: I have heard enough. The rules are very clear. One member shall not make allegations against another member. Whatever might have happened, we should not dig out the old records. We should follow the healthy conventions. Whether it is a question of members on this side making allegations against members on that side or *vice versa*, it should not be made without complete proof or earlier notice. The rules are very clear. It is good that we follow these healthy rules, which are very good for everybody, for all the members. I would request all the members to follow the rules.

Shrimati Indira Gandhi: Sir, since my name has been taken here, I want to clarify what exactly was said in the Rajya Sabha. This allegation was made there during the last session that I had been presented with a diamond necklace and perhaps I had done something with it. Therefore, I clarified the situation that when high dignitaries visit our country, it is the custom that they give presents. Some of these presents are expensive ones. It is true that the King of Saudi Arabia did present a diamond necklace to me. But there are very strict and clear Government rules about all such presents which are given. We are not allowed to keep these presents. They are immediately handed over to the *toshakhana*. As this was such an expensive thing, it was given over to the Reserve Bank.

डा० राम मनोहर लोहिया : कितने दिन बाद ?

Shrimati Indira Gandhi: I do not know the date. It was not in my custody and therefore I do not know who handed it over and at what time.

डा० राम मनोहर लोहिया : इस देश को भ्रष्ट कर रखा है ।

Shrimati Indira Gandhi: Naturally I would not keep such an expensive article with myself. The allegation made here is that perhaps the whole of the necklace had not been handed over. This is the allegation made here and this is what I am refuting.

Mr. Speaker: The House now stands adjourned till 11 A.M. on Monday.

17.03 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, March 20, 1967/Phalguna 29, 1888 (Saka).